आषाढ़ कृष्ण पक्ष -4, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 05 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
25 जून 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
34 अधिकतम
26 न्यूनतम



Page- 7

### उपाध्यक्ष पद नहीं मिलने के आसार देख इंडिया गठबंधन का नया दांव



# पहली बार लोकसभा अध्यक्ष का होगा चुनाव
# बिरला के सामने कांग्रेस ने उतारा सुरेश को

**नई दिल्ली दोपहर मेट्रो,एजेंसी।**

देश के इतिहास में पहले बार लोकसभा अध्यक्ष यानि स्पीकर पद के लिए चुनाव की नौबत आ गई है। भाजपा-एनडीए की तरफ से जहां ओम बिरला को ही फिर प्रत्याशी बनाया गया है तो कांग्रेस-इंडिया ने सदन के सबसे सीनियर व आठ बार के कांग्रेस सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार घोषित कर दिया। दोनों ने आज दोपहर नामांकन भी दाखिल कर दिया। अब कल लोकसभा अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। दरअसल आज इस फैसले तक पहुंचने से पहले कई मोड आये। लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन आज शपथ के दौरे के बीच स्पीकर के चुनाव पर जबर्दस्त सियासी सरगर्मी रही। भाजपा पूरी ताकत लगा रही थी कि स्पीकर का चुनाव परंपरानुसार निर्विरोध हो, वहीं कांग्रेस भी परंपरानुसार उपाध्यक्ष पद देने के लिये अड गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने साफ बोला कि यदि विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलेगा, तभी स्पीकर के लिये समर्थन दिया जाएगा। इस बारे में राजनाथ सिंह का फोन कॉल आया था तो हमने यह बात साफ कर दी थी। राहुल के मुताबिक हमारा पक्ष सुनने के बाद राजनाथ सिंह ने यह भी कहा था कि वे मल्लिकार्जुन खड़गे को कॉल बैक करेंगे, लेकिन वो कॉल अभी तक नहीं आया। माना जा रहा है कि भाजपा लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने के मूड में नहीं है। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी कहते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। दरअसल नामाकंन के पहले तक स्पीकर पद को लेकर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह सेतु की भूमिका में रहे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की और अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से कराने का अनुरोध किया। सिंह ने कहा कि निर्विरोध चुने जाने की परंपरा कायम रहनी चाहिए। इससे पहले जेपी नड्डा और अमित शाह के बीच भी लंबी बैठक हुई और दूसरी तरफ पीएम मोदी से बिरला ने मुलाकात की।





लोकसभा स्पीकर के चुनाव के लिए एनडीए के प्रस्तावक एनडीए की तरफ से वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी रहे। वहीं नामांकन से पहले केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान और जनता दल यूनाइटेड की तरफ से ललन सिंह, राममोहन नायडू और अनुप्रिया पटेल से भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बात की। उधर नये सांसदों की शपथ भी जारी है। कल पीएम मोदी सहित 266 सांसदों ने शपथ ग्रहण की थ। बाकी सांसद आज शपथ ले रहे हैं।

## बजटपथ पर सरकार, कैबिनेट ने कई फैसले



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र की मोहन यादव मंत्रिपरिषद ने पहले पूर्ण बजट पर विचार किया। यह बजट विधानसभा के मानसून सत्र में पेश होगा। इसके पहले अन्य कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें हर ब्लाक में स्थापित मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं निजी जनसहभागिता से संचालित करने और अन्य राज्यों के सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले प्रदेश के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने के संबंध में निर्णय लिया गया। सरकार ने जुलाई 2024 तक योजनाओं को संचालित करने के साथ अन्य व्यय के लिए लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये का लेखानुदान प्रस्तुत किया था। अब पूर्ण बजट प्रस्तुत किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि सरकार बजट में जनता पर बोझ बढ़ाने वाला कोई कदम नहीं उठाएगी। केंद्रीय योजनाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर विभागों को राशि आवंटित की जाएगी। कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत बढ़ाने, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति, सिंचाई और सड़क परियोजनाओं के साथ अन्य योजनाओं के लिए प्रविधान किए जाएंगे। बजट प्रस्तावों पर कैबिनेट में विचार कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

### मंत्री भरेंगे आयकर

आज केबिनेट में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार के सभी मंत्री अपने भत्तों आदि पर आयकर खुद अदा करेंगे। अभी तक यह आयकर सरकार द्वारा भर जाता था बताया जाता है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के सुझाव पर अन्य मंत्रियों ने समर्थन किया। इसी तरह स्थानीय निकायों के चुनाव में प्रचार थमने के बाद प्रिंट मीडिया को विज्ञापन पर राज्य निर्वाचन आयोग की रोक का नियम भी बदलने का फैसला हुआ।

## बाबा को बेटे की शादी का कार्ड, फिर टमाटर चाट



**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ को बेटे की शादी का कार्ड देने आई उद्योगपति मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी ने काशी की टमाटर चाट व आलू की टिक्की का दुकान पर बैठकर भरपूर आनंद लिया। बाबा विश्वनाथ को कार्ड देने के बाद वह भक्ति में लीन हो गईं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को देखकर वह काफी खुश नजर आईं। दरअसल उनके छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी होने वाली है। भगवान में आस्था रखने वाले अंबानी परिवार ने शादी का पहला कार्ड बाबा विश्वनाथ को दिया है। नीता ने बाबा विश्वनाथ से बेटे अनंत और बहू राधिका के लिए आशीर्वाद मांगा। उसके बाद वह मां गंगा के दर्शन करने पहुंची। इस दौरान वह गंगा आरती का हिस्सा बनीं व उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि शादी का एक समारोह वे वाराणसी में भी करने की इच्छुक हैं।

## नीटः स्टांप पेपर पर मुखिया देता था परीक्षा पास की गारंटी!

**पटना।** बिहार ईओयू की टीम नीट पेपर लीक के मामले में जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, इस गिरोह के मास्टरमाइंड और अन्य सदस्यों के बारे में चौंकाने वाली जानकारियां मिल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेपर लीक कांड का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को किसी भी मुख्य परीक्षा का पेपर लीक करने में महारथ हासिल थी। संजीव मुखिया को पेपर लीक के मामले में अपने ऊपर इतना भरोसा था कि वो प्रत्येक अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को एक हजार रुपये के स्टांप पेपर पर परीक्षा पास की गारंटी देता था। नीट पेपर लीक में प्रत्येक अभ्यर्थियों से 30 से 40 लाख रुपये की वसूली की गई। वहीं संजीव मुखिया जिस भी अभ्यर्थी या अभिभावक से डील करता था।




## मंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती, अनशन खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी के अनिश्चितकालीन अनशन को खत्म करने का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में पानी की मांग को लेकर पार्टी के सभी सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखेंगे। आप सांसद संजय सिंह ने बताया, ÷अनिश्चितकालीन अनशन पर विराम लगाया जा रहा है मौसम ठीक हुआ है, बारिश हुई है, 10 एमजीडी पानी बढ़ा है, उम्मीद है कि स्थिति बेहतर होगी। पार्टी विपक्षी दलों के साथ संसद में दिल्ली के पानी का मुद्दा उठाएगी। ज्ञात हो कि दिल्ली की जलमंत्री आतिशी पिछले पांच दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर थीं। उनकी मांग थी कि दिल्ली के 28 लाख लोगों को 623 एमजीडी पानी दिया जाए। उन्होंने हरियाणा सरकार, दिल्ली के एलजी और प्रधानमंत्री से दिल्ली के हक का पानी मांगा था। देर रात आतिशी की तबीयत बिगडी तो अस्पताल दाखिल करना पड़ा, बताया जाता है कि उनका ब्लड शुगर लेवल बहुत गिर गया था।



## सोना औंधे मुंह गिरा चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सोने-चांदी में लगातार गिरावट से बाजार सकपकाया हुआ है। आज सुबह से सोना गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है। वहीं चांदी के भी भाव गिरे हैं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज सुबह सोना और चांदी दोनों लाल निशान पर ट्रेड करते दिख रहे हैं। सोने की कीमतों में गिरावट के चलते अब यह 71 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। वहीं चांदी के भाव 90 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ चुके हैं। अभी आने वाले समय में सोने-चांदी की कीमतों में और गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है।



## बांग्लादेश को हराकर अफगानियों ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में



**किंग्सटन, एजेंसी।**

अफगानिस्तान टीम ने आज इतिहास रच दिया है। उसने टी 20 विश्वकप के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 8 रन से हराते हुए सेमीफाइनल में एंट्री मार ली, जबकि ऑस्ट्रेलिया के सफर पर आखिरी कील ठोक दी। अब अफगान टीम को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना है। मैच में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया था। लक्ष्य छोटा था, लेकिन लगातार बारिश के बीच राशिद खान की करिश्माई कप्तानी के बाद अफगानिस्तानी पठानों ने कमाल कर दिया। सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका अफगानिस्तान, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया तीनों के पास था, लेकिन यह सब कुछ इस मैच पर निर्भर करता था। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि कंगारू एक रात पहले ही भारत से हार गए थे। पेज 7 देखें

**मेट्रो एंकर**

### रोबोटिक डॉग यानी मल्टी यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट बनेंगे आर्मी का हिस्सा

# आतंकियों की टोह लेंगे और चीन सीमा पर नजर रखेंगे सेना के खास कुत्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय सेना अब विशेष किस्म के कुत्तों को अपने दस्ते में शामिल करने की तरफ बढ रही है। दरअसल बीते दिनों चीन ने कंबोडिया के साथ हुई मिलिट्री एक्सरसाइज में मशीन-गन के साथ 'रोबो डॉग' का प्रदर्शन किया था। इसके बाद हालांकि अमेरिकी कांग्रेस ने इसे लेकर चिंता जाहिर की थी और इस बात का आकलन करने में जुट गया कि यह खास कुत्ते जैसे दिखने वाले रोबोट युद्ध के मैदान पर क्या प्रभाव डालेंगे। इधर मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सेना भी जल्द ही रोबोटिक डॉग म्यूल यानी मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट को आर्मी का हिस्सा बना सकती है। इन रोबोटिक डॉग म्यूल को फिलहाल निगरानी और हल्के वजन को ढोने के लिए तैनात किया जाएगा। वहीं इन्हें चीनी सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात किया जा सकता है। बताया जाता है कि भारतीय सेना लंबे समय से मिलिट्री टेक्नोलॉजी में नई तकनीकों की खोज कर रही है। पिछले साल जम्मू में हुए नॉर्थ टेक सिंपोसियम में भारतीय सेना के लिए खासतौर पर बनाए गए रोबोटिक डॉग की काफी चर्चा हुई थी। जिसे युद्ध और निगरानी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया था। सूत्रों के मुताबिक पिछले साल सितंबर में आपातकालीन खरीद के लिए 100 रोबोटिक्स कुत्तों का ऑर्डर दिया गया था। वहीं इनमें से 25 ऐसे म्यूल्स को सेना को सौंपने से निरीक्षण पूरा हो चुका है। इन्हें जल्द ही सेना में शामिल किए जाने की उम्मीद है।चूंकि यह एक आपातकालीन खरीद थी, जिसके तहत 300 करोड़ रुपये तक के ही कॉन्ट्रैक्ट दिए जा सकते हैं। अगर ये रोबो डॉग्स अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो सेना जल्द ही इनकी बड़ी खरीद के लिए रिक्वेस्ट ऑफर प्रपोजल जारी करेगी।



### बर्फ पर चलेंगे और अंधेरी जगहों पर दौडेंगे

यह म्यूल न केवल बर्फ और पहाड़ों में चल सकता है, बल्कि उन संकरी और अंधेरी जगहों में भी जा सकता है, जहां आतंकवादी या दुश्मन छिपे हो सकते हैं। यह आतंकियों के साथ 'फर्स्ट कॉन्टैक्ट' में बेहद काम आ सकता है। जहां यह तो पता है कि यहां दुश्मन छिपा बैठा है, लेकिन उसकी सटीक लोकेशन के बारे में कोई अंदाजा नहीं है। ऐसे में यह म्यूल अपने 360 डिग्री कैमरों की मदद से उनकी सही लोकेशन का पता लगा कर, फायरिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके दुश्मन को मार गिराया जा सकता है।



## काला दिवस मनाया




**भोपाल।** आपात काल दिवस के मौके पर आज भाजपा में कार्यक्रम आयोजित किए व मीसाबंदियों का सम्मान किया।

## सक्षम का स्थापना दिवस मना




**भोपाल।** दिव्यांगता एवं दिव्यांगजनों के बीच उनके हित में कार्य करने वाले संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल का स्थापना दिवस यहां मना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघ के मध्यभारत प्रांत के पूर्व संघचालक सतीश पिम्पलीकर जिला न्यायाधीश सेनि.राजेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक सुनील शर्मा , रविंद्र कोपरगांवकर .सक्षम ( भोपाल ) के अध्यक्ष ए पी नायडू , पूर्णिमा नायडू, , ज्योति वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता दिव्यांग मित्रजन और दिव्यांगजन सम्मिलित हुए । इस मौके पर दिव्यांग हितों के बारे में एवं उन्हें सक्षम और सशक्त कैसे बनाने पर चर्चा हुई तथा समाज का इसमें योगदान सरकारी तंत्र की सहभागिता एवं दिव्यांग मित्रों को बनाकर दिव्यांग के हित के बारे में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

### जीजी फ्लाइओवर का निर्माण दो साल लेट

# फ्लाइओवर निर्माण मे समन्वय की कमी से वाहन चालकों की फजीहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में गणेश मंदिर हबीबगंज से एमपी नगर गायत्री मंदिर तक 148 करोड़ की लागत वाले जीजी फ्लाईओवर के अभी दो महीने शुरू होने के आसार नहीं हैं। खास बात यह है कि इस फ्लाईओवर यानि एलिवेटेड सड़क का काम वर्ष 2022 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके निर्माण में देरी से यातायात की समस्या हल नहीं हो रही है बल्कि रोज डायवर्जन से लेकर कई अन्य तकलीफ वाहन चालकों को उठानी पड़ रही हैं। हालांकि दो दिन पहले लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इसका निरीक्षण किया और मौके पर पीडब्ल्यूडी के अफसरों को अल्टीमेटम तक दिया कि हर हाल में फ्लाईओवर का काम सितंबर के अंत तक में पूरा करें। पीडब्ल्यूडी के अफसरों से उन्होंने यह भी पूछा कि यह फ्लाईओवर दो साल पहले बनकर तैयार हो जाना चाहिए था,तो अब तक इसका काम पूरा नहीं हुआ। इस पर पीडब्ल्यूडी अफसर सफाई देते हुए नजर आए। हालांकि जानकारों का कहना है कि विभागीय समन्वय नहीं होने की वजह से यह हालात बने हैं। खास बात यह है कि इस फ्लाईओवर के समानांतर मेट्रो का भी काम चल रहा है। कभी मेट्रो प्रोजेक्ट तो कभी नगर निगम से समन्वय की कमी की वजह से फ्लाईओवर निर्माण में देरी हुई है। अब सभी कमियों को दूर कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार गायत्री मंदिर के पास कोलार पाइप लाइन की शिफ्टिंग में समय लगा और अब गणेश मंदिर के मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। इस वजह से फ्लाईओवर के काम में देरी हो रही है ।



### सड़क पर वाहनों को बोझ कम होगा

15 मीटर चौड़े फ्लाईओवर की लंबाई 2734 मीटर ( करीब पौने तीन किमी ) है। एमपी नगर आने वाला 60 प्रतिशत ट्रैफिक केवल 5 मिनट में ये दूरी तय कर लेगा। यह फ्लाईओवर मंडीदीप की तरफ से आने वाले ट्रैफिक को एमपी नगर के बाहर निकालेगा। यानि जिन वाहनों को एमपीनगर नहीं जाना है वे इस एलिवेटेड सड़क से निकल जायेंगे। गौरतलब है कि जेपी अस्पताल ( 1250 ) में 26.63 करोड़ रुपये की लागत से 195 बेड और चार आपरेशन थिएटर वाली निर्माणाधीन इमारत का भी लंबे समय से काम चल रहा है। इसे लेकर भी अधिकारियों से कहा गया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा ।

# संक्रमण के लिए जिम्मेदार वायरस को अब आधे घंटे में ढूंढ लेगा एम्स




अस्पताल को मिली सेंटर आफ रेयर डिजीज की मान्यता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स में अब संक्रमण के लिए जिम्मेदार सूक्ष्मजीव ( माइक्रोऑर्गेनिज्म ) का पता आधे घंटे के अंदर चल जाएगा, जिसमें अब तक एक दिन का समय लग जाता था। इसके लिए संस्थान में डेढ़ करोड़ की मैट्रिक्स असिस्टेड लेजर डिसरप्शन आयनाइजेशन- टाइम ऑफ फ्लाइट मास स्पेक्ट्रोफोटोमेट्री मशीन लगाई गई है। दरअसल भोपाल एम्स को अब सेंटर ऑफ रेयर डिजीज की मान्यता मिल गई है। इस सुविधा की शुरुआत भी गत दिवस कर दी गई है। एम्स में आईवीएफ स्किल लैब भी शुरू की गई। इसके साथ ही एम्स को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन रेयर डीजीज की मान्यता भी प्रदान की गई है। प्रबंधन के अनुसार, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मान्यता मिलने से दुर्लभ रोगों के लिए दवाओं की खरीद के लिए तीन करोड़ का बजट भी मिला। इसके साथ चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए पांच करोड़ का बजट भी स्वीकृत हुआ है।यह सुविधा मुख्य रूप से मध्य भारत प्रचलित आनुवंशिक विकारों जैसे सिकल सेल रोग, थैलेसीमिया और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लिए मिली है। यह केंद्र हर वर्ष 10 हजार व्यक्तियों की जांच और लगभग एक हजार रोगियों के लिए निदान और प्रबंधन मुहैया कराएगा।

**स्किल लैब भी :** एम्स भोपाल में आईवीएफ स्किल लैब को जल्द शुरू किया जाएगा। स्किल लैब कई डिजिटल सिमुलेटर के साथ एक प्रशिक्षण सुविधा है, जो डॉक्टरों को आईवीएफ प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में बांझपन उपचार और आवश्यक विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे हिस्टेरोस्कोपी, डिंब पिक अप और भ्रूण स्थानांतरण का अभ्यास करने में सक्षम बनाती है।

# नाले से अतिक्रमण हटाने कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षद अशोक मारन ने प्रतिनिधि मंडल के साथ कलेक्टर को दो ज्ञापन सौंपे। मारन ने सिंधु टॉकीज के पीछे नाले पर अतिक्रमण हटाने की मांग की। इसके अलावा आकाश गार्डन के पास स्पीड ब्रेकर लगाने, अस्पताल एवं स्कूलों के संकेतक लगाए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि संतनगर के आसपास के झुग्गी क्षेत्र का सर्वे कर पट्टे दिए जाने चाहिए। बैरागढ़ कलां, राहुल नगर, संजय नगर, राजीव नगर, बूढ़ाखेड़ा में झुग्गी वालों का पट्टे दिए जाने चाहिए। सिंधु टॉकीज के पीछे के नाले पर कब्जे की जानकारी दी गई। बताया किया कि नाले पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बारिश में जल भराव का कारण बनेगा। टी वार्ड एवं आकाश गार्डन के सामने जिग जेक ब्रेकर बनाया जाने तथा स्कूल एवं अस्पतालों के सांकेतिक बोर्ड बोर्ड लगाए जाने की मांग कलेक्टर से की गई।



# भव्य कलश यात्रा के साथ शिव पुराण का शुभारंभ

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में श्री शिव पुराण कथा की शुरूआत हुई। कथा से पहले संतनगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो कथा वाचक मुकेशजी महाराज के सानिध्य में निकली। 30 जून तक हर दिन दोपहर दो बजे से होगी।

शिव महापुराण की भव्य कलश यात्रा चंचल चौराहा शिव मंदिर से शुरू होकर मुस्कान गार्डन तथा स्थल तक पहुंची, जिसमें काफी बड़ी संख्या में भोले के भक्त नाचते नाचते पहुंचे कथा स्थल तक 251 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण करके शिव महापुराण की कलश यात्रा में हिस्सा लिया। इसके अलावा कई श्रद्धालु गण शिव महापुराण कथा में शामिल हुए कलश यात्रा का हीरो हिंदू हीरो फैंस क्लब द्वारा स्वागत किया गया। कलश यात्रा के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। कथा स्थल पर पहुंचने के उपरांत वैदिक मंत्रोचार द्वारा ग्रह मंडल का पूजन करने के उपरांत श्री मुकेश जी महाराज ने कथा आरंभ की श्री मुकेश जी महाराज ने कहा कि सुखमय जीवन जीने के सभी सूत्र शिव महापुराण से मिलते हैं इसीलिए कथा को श्रवण करके और उसके ज्ञान को अपने जीवन में अमल में लाना चाहिए तभी जीवन सुखमय बनेगा।

कलश यात्रा और कथा में मुख्य रूप से हीरो हिन्दू अध्यक्ष हीरो फैंस क्लब अध्यक्ष भोले का दरबार साथ पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद संध्या प्रधान भाजपा की संत नगर महिला मंडल अध्यक्ष भारती मूलचंदानी, किरण वाधवानी, सीमा लालवानी पूनम यादव, सोनू जैन, भावना उदासी, निर्मला सोनी, रीना पोद्दार, भारती गुप्ता विद्या कृष्णानी, आभा शर्मा, कला रजक, कविता गुलानी, साथ समस्त महिला मंडल एवं भोले के दरबार के प्रमुख हीरो हिंदू, कमल मनसुखानी, भाजपा नेता महेश खटवानी, प्रभु दास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, शमी गंगवानी, प्रवीण होतवानी, प्रकाश मीणा, सनी वाधवानी, राकेश बेलानी, अशोक तनवानी, नानक दादलानी, रवि लालवानी, रामचंद्र सबनानी, ललित सबनानी, राजकुमार दादवानी, अजित पारदासनी एवं कई सेवादारी साथ में उपस्थित रहे।





**मेट्रो एंकर**

### थाना प्रभारी ने अपनी टीम ने साथ किया बच्चों का मार्गदर्शन

# बच्चे संगत का ख्याल रखें, नशे से बचे रहेंगे: रंधावा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दीप माला पागरानी पब्लिक स्कूल में सोमवार को नशा मुक्ति जाग्रति एवं मार्गदर्शन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैरागढ़ थाना प्रभारी कमल जीत रंधावा अपनी टीम के साथ विद्यालय में उपस्थित हुए। इस अवसर पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के संचालक हीरो ज्ञानचन्दानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, मोहित शेवानी उपस्थित थे।

कार्यशाला के प्रारंभ में संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि जो हमेशा जनता की सेवा में लगे रहते हैं, वो आज हमारे बीच में नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देने हमारे बीच हैं। इनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन पर चलकर हम अपने जीवन को सुखमय एवं दीर्घायु बना सकते हैं। थाना प्रभारी कमल जीत रंधावा ने बच्चों से कहा कि हमें हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए, नशा ऐसी चीज है जो हमारे मन, मस्तिष्क और शरीर को खराब कर देता है नशे से दूर रहने के लिए हमेशा ये ध्यान रखना चाहिए कि हमारी संगत किन लोगो से है उन लोगो से हमें दूर रहना चाहिए जो नशे के आदि है। उन्होंने कहा कि बच्चें देश का भविष्य होते हैं और आप लोगो पर ही देश का भविष्य निर्भर हैं, यदि आप स्वस्थ रहेंगे तो आगे चलकर आपमें से ही कोई आई.ए.एस., आई.पी.एस., टी.आई., डॉक्टर, इंजिनियर बनेंगे एवं देश की सेवा में तत्पर रहेंगे लेकिन ये तभी हो सकता है जब हम नशे से दूर रहेंगे और अपनी स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे।

**शिक्षा के साथ संस्कार:** हीरो ज्ञानचन्दानी ने कहा कि यह विद्यालय संत स्वामी हिरदाराम साहिबजी के आशीर्वाद से संचालित किया गया था। मुझे खुशी है कि इस विद्यालय में उच्च स्तर की शिक्षा विद्यार्थियों को दी जाती है एवं संस्कार नाम के अनुरूप ही संस्कार भी दिए जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।





# जुलाई से सितम्बर तक 10 हजार पौधे रोपेंगे

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने एक बयान में बताया है कि जुलाई से सितम्बर तक संतनगर में खाली जमीनों पर 10 हजार बीज- पौधे लगाने के लिए रोपे जाएंगे। देवानी ने कहा कि संतनगर को हरा भरा बनाना है। संतनगर का वातावरण स्वच्छ करना है। समिति द्वारा संत नगर के पार्कों के मालियों से समय समय पर पानी देने के लिए बोला जाएगा, जिससे पौधे अच्छे तरीके से पनपते रहें। साथ ही अगस्त में तुलसी अभियान भी चलाया जाएगा।

अभियान में समिति के राज कुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, महेश, नरेन्द्र टहलानी, महासचिव राजेश केवलानी, सचिव गुरदास रामचंदानी, जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, खेमचंद निहचलानी, प्रियांशु तेजवानी शामिल रहेंगे।

### अब सरकार वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाएगी

### तब तक नए उद्योग निवेश लाने के लिए अधिकारियों को जुटने के निर्देश

# औद्योगिक निवेश लाने पर जोर लेकिन परिणाम उम्मीदों पर खरे नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नए उद्योग लाने पर सरकार का पूरा जोर है लेकिन पिछले 6 महीने के परिणाम उम्मीद के मुताबिक खरे नहीं उतर रहे हैं इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी को जुटने के निर्देश दिए है। यह भी कहा कि वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाना है तब तक नए औद्योगिक निवेश पर बड़े परिणाम चाहिए, जो मप्र के आर्थिक विकास के पहिये को गति दे सके और रोजगार की चिंता कर रहे युवाओं को काम देने वाले हों। उन्होंने सोमवार को उद्योगों से जुड़े विभागों के साथ इसको लेकर समीक्षा भी की। जिसमें मुख्य सचिव वीरा राणा भी शामिल थीं। इस बीच उज्जैन से अच्छी खबर यह है कि यहां हुई रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव-2024 के बाद विक्रमपुरी औद्योगिक क्षेत्र में 58 इकाइयों के लिए 459.24 एकड़ भूमि प्रदान की गई। यहां 5407.59 करोड़ के निवेश को मंजूरी मिली है।

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को काम पर लगाया



– धार जिले में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 500 करोड़ रुपए की परियोजना से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करें।

– पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क में 21 इकाईयों द्वारा 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास तेज हो।

– मप्र में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा मंजूरियां प्राप्त हुई हैं, उन पर आगे बढ़ें।

— प्रमुख शहरों में जाए, वहां प्रमुख उद्योगपतियों से बातचीत करें। उन्हें मप्र में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उनकी मुश्किलों को दूर करें, जो काम आपके स्तर पर न हो सके, उन्हें सरकार के संज्ञान में लाएं।

– रीजनल इंडस्ट्रियल कांन्क्लेव के लिए माहौल तैयार करें, स्पेस टेक्नोलॉजी पर नेशनल कांफ्रेंस की तैयारी करें, मेपकास्ट के साथ इसरो जैसी संस्थाओं के सहयोग से युवाओं के लिए उपयोगी उद्योग और व्यवसायिक गतिविधियां शुरू करें, मेडिकल टूरिज्म और नए क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं का अध्ययन कीजिए। आईटी क्षेत्र में रोजगार के लिए बड़ी संख्या में प्रदेश से बाहर जा रहे युवाओं के हाथों को प्रदेश में ही काम देने पर करें, जनवरी 2025 में इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी करें।

– बड़ी परियोजनाओं में पीथमपुर, रतलाम में कुल 35 हजार करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। इंदौर-पीथमपुर इकनोमिक कॉरिडोर का विकास 3200 एकड़ क्षेत्र में होना है। यह परियोजना 2125 करोड़ रुपए की है और इससे लगभग एक लाख लोगों को रोजगार प्राप्त होगा, इसका काम समय-सीमा में पूरा हो

– इंदौर के मल्टीमॉडल लाजिस्टिक पार्क से भी 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। इसकी लागत 20 हजार करोड़ रुपए है, इसमें कोई कमी न छोड़ें।



भोपाल, दोपहर मेट्रो। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर खजुराहो में सैनिक स्कूल खोलने की मांग की।

## 1045 ने चुना सरकारी कॉलेज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एनसीटीई के बीएड सहित नौ कोर्सों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की जा रही है। तीसरे राउंड में 60 हजार से अधिक ने चॉइस फिलिंग की है। वहीं 1 हजार 45 ने सरकारी कॉलेजों को चुना है। इसमें बीएड कोर्स में रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग और सत्यापन कराने वाले विद्यार्थियों की सर्वाधिक है। उच्च शिक्षा विभाग इन छात्रों को मंगलवार को सीटों का आवंटन जारी करेगा। पहले राउंड में 43 हजार से अधिक सीटों का आवंटन जारी किया गया था। इसमें से 20 हजार छात्रों ने ही प्रवेश लिया था, करीब 23 हजार स्टूडेंट्स ने आवंटित सीटें छोड़ दी थी, वहीं दूसरे राउंड में 20 हजार 289 छात्र-छात्राओं को सीटें आवंटित की गई थी। इसमें से करीब 15 हजार से फीस जमा कर प्रवेश लिया था।

## 'परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से हो रहा क्रियान्वयन'

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की स्वास्थ्य सेवा व्यवसायी पंजीयिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के लोगों के जीवन को स्वथ्य और बेहतर बनाने में स्वस्थ भारत मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मिशन की सफलता के लिए आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ साथ परंपरागत चिकित्सा पद्धति को भी आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कोरोना संकटकाल में परंपरागत चिकित्सा पद्धति ने समाज में अपनी उपयोगिता सिद्ध की हैं।

यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सोमवार को पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के सभागार में राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की स्वास्थ्य सेवा व्यवसायी पंजीयिका÷ विषय पर प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही। मंत्री परमार ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा प्रदान करना, स्वास्थ्य सेवा सस्ती-सुलभ करना और नागरिकों के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड की सुविधा उपलब्ध कराना है। समस्त रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कर कम समय में अधिक उपयोगी एक मंच उपलब्ध कराना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का लक्ष्य है। परमार ने अपील करते हुए कहा कि सभी पंजीकृत आयुष चिकित्सक, स्वास्थ्य संस्थान एवं नागरिक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में अपना



पंजीकरण कर स्वस्थ भारत के संकल्प की पूर्ति में सहभागिता करें। भारत को 2047 तक ÷स्वस्थ भारत, विकसित भारत÷ बनाने के संकल्प में यह मिशन, मील का पत्थर सिद्ध होगा। परमार ने कहा कि होम्योपैथी जैसी परंपरागत चिकित्सा पद्धति के उत्थान के राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आमजन को सस्ता एवं उत्तम उपचार देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। श्री परमार ने कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कार्यशालाओं के आयोजन का लाभ सम्पूर्ण प्रदेश को मिलेगा। राज्य सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति के उत्थान के लिए बेहतर कार्ययोजना के साथ कार्य कर रही है, इसके लाभजनक परिणाम आने वाले समय में दिखेंगे। भोपाल (दक्षिण-पश्चिम) विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि सभी चिकित्सा पद्धतियों की अपनी उपयोगिता है, लेकिन इनके प्रभाव एवं कुप्रभाव पर चर्चा के लिए कार्यशालाओं का आयोजन आवश्यक है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से सभी चिकित्सा पद्धतियों को एक साथ लाने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी, आयुर्वेद जैसी चिकित्सा पद्धति हमारी मिट्टी से जुड़ी हुई विधा है।


## छात्रों को दी शहरीकरण की जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) ने 12वीं के छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में छात्रों को आर्किटेक्चर और शहरीकरण के क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में बताया गया। यह पहला मौका था जब मैनिट में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया। मैनिट के निदेशक प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला ने छात्रों से कहा कि वे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ गवर्नेंस (बीओजी) के अध्यक्ष डॉ. अमोघ कुमार गुप्ता ने छात्रों को वास्तुकला पेशे के साथ विभिन्न नवीन और तकनीकी विवरणों के बारे में बताया। यह कार्यशाला 28 जून तक चलेगी।

## कांग्रेस साथ बैठाने को तैयार नहीं, रावत बोले जल्द इस्तीफा दूंगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



लोकसभा चुनाव के वक्त भाजपा में चले गए विजयपुर से कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने अब विधानसभा की सदस्यता से त्याग पत्र देने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि जब समय आएगा, तो इस्तीफा भी दे दूंगा। खास बात यह है कि अब तक वह त्याग पत्र देने से मना करते रहे थे। उधर कांग्रेस ने भी विधानसभा सचिव को पत्र लिखकर रावत की सदस्यता समाप्ति की मांग करने की तैयारी की है। पार्टी ने विधानसभा में अपनी बैठक व्यवस्था में रावत और भाजपा में शामिल हो गई बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे को शामिल नहीं किया है।

इस बीच मीडिया से बातचीत में रावत ने कहा, मैं खुद उनके (कांग्रेस) साथ नहीं बैठना चाहता। बता दें, रावत इसी वर्ष अप्रैल में भाजपा के मंच पर आए थे। तब से वह भाजपा के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, मगर सदस्यता से मना कर रहे हैं। इसी आधार पर सदन की सदस्यता से भी उन्होंने त्याग पत्र नहीं दिया है। रावत ने यह भी कहा कि भाजपा में किसी शर्त के साथ नहीं आए हैं। कांग्रेस में निर्णय लेने लेकर स्थिति ठीक नहीं है। मुरैना में उस व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया गया, जो मेरे विरुद्ध प्रचार कर रहा था। वह कांग्रेस का सदस्य भी नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने टिकट भी शायद पैसे लेकर दिए हैं। पूरा हाउस मैं चलाता था, लेकिन नेता प्रतिपक्ष मुझसे जूनियर को बनाया गया।

उधर विजयपुर विधानसभा में संभावित उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में पहली बैठक सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई। इस सीट के लिए प्रभारी बनाए गए पूर्व नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

## गौतम, भदौरिया मुख्य प्रवक्ता और परिहार प्रवक्ता मनोनीत

**भोपाल.** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संतोष सिंह गौतम और अजीत सिंह भदौरिया को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मुख्य प्रवक्ता और संतोष सिंह परिहार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। ग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि गौतम को प्रवक्ता पद से पदोन्नत कर मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है, वहीं भदौरिया और परिहार पूर्व में प्रवक्ता पद पर कार्य कर चुके हैं। पटवारी ने इन्हें पुनः उक्त पद पर मनोनीत कर अपेक्षा की है कि मुख्य प्रवक्ता एवं प्रवक्ता साथी पार्टी और संगठन हित में मीडिया के समक्ष मुखरता से अपनी बात रखेंगे।

**मेट्रो एंकर** समीक्षा बैठक: चिकित्सकीय सेवाओं की प्रदाय व्यवस्था का होगा डिजिटलीकरण

## लीकेज रोकने और सुदृढ़ मॉनिटरिंग में सहायक होगा एचएमआईएस : उपमुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय, मरीजों की सुविधा, मरीजों की स्वास्थ्य प्रोफाइल और उपचार की ट्रैकिंग, संसाधनों के लीकेज को रोकने और सुदृढ़ मॉनिटरिंग में एचएमआईएस पोर्टल कारगर सिद्ध होगा। यह बात उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल चिकित्सकीय सेवाओं की प्रदाय व्यवस्था के डिजिटलीकरण के लिए एचएमआईएस पोर्टल के कॉन्सेप्ट नोट की मंत्रालय वल्लभ भवन में समीक्षा में कही। उप मुख्यमंत्री ने एचएमआईएस पोर्टल के निर्माण के लिये देश एवं अन्य राज्यों के सफल मॉडल का अध्ययन कर आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिये।


अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मो. सुलेमान, प्रमुख सचिव विवेक कुमार पोरवाल ने एचएमआईएस के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। एचएमआईएस पोर्टल में पूरी तरह से डिजिटाइज्ड प्रणाली द्वारा अस्पतालों में रोगी प्रवाह और सेवाओं में सुधार किया जाएगा। रोगी और अस्पताल के संबंध को बेहतर, पारदर्शी, आरामदायक और भरोसेमंद बनाया जाएगा। मौजूदा दवा और उपकरण सॉफ्टवेयर, एमपी-औषधि और ईएमएमएस और अन्य स्वास्थ्य



संबंधी पोर्टल के साथ एकीकरण के प्रोविजन रहेंगे। पोर्टल में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्य का दोहराव न हो। पोर्टल में राष्ट्रीय डेटा सुरक्षा मानदंडों और कानूनी ढांचे के अनुरूप पोर्टल को निर्मित किया जाएगा।

**घर से होगा पंजीयन, कतारों में नहीं लगना होगा:** एचएमआईएस पोर्टल से रोगी घर से ही पंजीकरण कर सकेंगे। चिकित्सालय में भी भीड़ रहित पर्चा निर्माण किया जा सकेगा। आभा आईडी के प्रयोग द्वारा रोगियों का समय बचाया जा सकेगा। क्यू प्रबंधन और टोकन डिस्प्ले प्रणाली से समर्थित पूरी तरह से डिजिटल प्रणाली के माध्यम से चिकित्सक को सीधे दिखाया जा सकेगा।

**रिकॉर्ड ऑनलाइन होने से किसी भी अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा:** नागरिक अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड और रिपोर्ट्स को ऑनलाइन देख सकेंगे, जिससे उन्हें कहीं भी और कभी भी अपने डेटा तक पहुंच प्राप्त होगी। मरीज अपने रिकॉर्ड्स को भारत के किसी भी अस्पताल में दिखा सकेंगे। जिससे इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड के माध्यम से पोर्टेबिलिटी के लाभ प्राप्त होगे। पूरी तरह से पेपरलेस प्रणाली के कारण रेफरल प्रणाली मजबूत होगी, जिससे बेहतर और तेज स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी। नागरिक टेलीमेडिसिन के माध्यम से रिमोट कंसल्टेशन सहजता से प्राप्त कर सकें इसके कई प्रावधान कॉन्सेप्ट नोट में शामिल है। पोर्टल क्लाइंट सर्वर मॉडल में प्रस्तावित है। यह मॉडल पूर्णकालिक इंटरनेट उपलब्धता पर निर्भर नहीं होता है, जिससे दूरस्थ और नेटवर्क चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी एचएमआईएस को लागू किया जा सकता है। क्लाइंट सर्वर मॉडल में प्रत्येक क्लाइंट को सभी आवश्यक कार्यक्षमता उपलब्ध होती है, भले ही इंटरनेट कनेक्शन अस्थायी रूप से अनुपलब्ध हो।



संपादकीय

# पानी पर चिंताओं का दौर

मानसूनी बादल फिर अधिकांश राज्यों में छा रहे हैं और भरपूर बारिश की उम्मीदें लहलहाने लगी हैं। गर्मी अभी पूरी तरह गई नहीं है और गर्मी के हर मौसम में जलाशयों में पानी की कमी और सूखी धरती का मंजर नजर आता है। दरअसल शहरी नियोजन की चपेट में आकर बहुत सारे प्राकृतिक जलाशय पहले ही अपना अस्तित्व खो चुके हैं, अब बचेखुचे संरक्षित जलाशयों पर जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पढ़ना शुरू भी हो चुका है। इन हालातों के बरक्स केंद्रीय जल आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों बहुत चिंता पैदा करते हैं। इनके मुताबिक देश के डेड़ सौ प्रमुख जलाशयों का स्तर घट कर महज इक्कीस फीसद रह गया है। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दक्षिण भारत के जलाशयों पर देखा गया है, जहां बयालीस जलाशय हैं और उनमें जल की मात्रा घट कर सोलह फीसद तक रह गई है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के दस जलाशयों में उनकी कुल क्षमता का अट्ठाईस फीसद जल रह गया है। यही हाल पूर्वोत्तर के तेईस जलाशयों का है, जिनमें उनकी कुल भंडारण क्षमता का करीब बीस फीसद पानी रह गया है। इसे लेकर जल आयोग की चिंता स्वाभाविक है। पहले ही बरसात कम होने की वजह से इन जलाशयों का पुनर्भरण संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंच पाया था, फिर पहाड़ों पर बर्फ कम गिरने के कारण पहाड़ी इलाकों के जलाशयों में पानी का स्तर लगातार घट रहा है। प्राकृतिक जलाशय अनेक शहरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्रोत हैं। मगर समुचित रखरखाव और उनके जलस्रोतों का संरक्षण न हो पाने की वजह से उनमें बरसात का पानी भी समुचित रूप में नहीं पहुंच पाता। जलाशयों में बरसात का पानी ऊंचे इलाकों से पहुंचता है, मगर जब वहां बस्तियां बस जाती हैं, तो उनका जलस्रोत बाधित होता है। बहुत सारे जलाशयों का जल स्तर इसलिए भी घट रहा है। दूसरी सबसे बड़ी वजह पिछले कुछ वर्षों से तापमान में लगातार वृद्धि और बरसात का असंतुलित होना भी है। गर्मी की अवधि लंबी होने से पेयजल और दूसरे उपयोग के लिए पानी की खपत बड़ रही है। ऐसे में जलाशयों का स्तर घटते जाने से उन पर निर्भर शहरों और बस्तियों में जलसंकट बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। लंबे समय से सलाह दी जाती रही है कि प्राकृतिक जलाशयों के रखरखाव और उनके जलस्रोतों को अबाध बनाए रखने की योजनाएं बनानी होंगी। बरसात का पानी उन तक पहुंचता रहे और उनमें गाद वगैरह की सफाई होती रहे, तभी उनके भरने की संभावना बनेगी। इसके अलावा भूजल की स्थिति में सुधार के लिए भी पूरे देश में उनकी स्थितियों के मुताबिक एक ठोस नीति व निगाह की जरूरत है,ताकि हम जमीन से जितना दोहन कर रहे हैं,उसका कुछ अंश ही सही, लेकिन लौटा सकें। हमारे देश में मानसून जिस तरह बरसता है,उसके मुताबिक जल संचयन नहीं हो पाता। बरसात के पानी का बड़ा हिस्सा बेकार बह जाता है या कांक्रीटकरण की चपेट में आकर व्यर्थ हो जाता है। पानी दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत है और क्लाईमेट चेंज से जैसे हालात बन रहे हैं, उससे सरकारों व समाज को समय रहते चेत जाना अपेक्षित है। वरना जानकार कहा भी करते हैं कि पानी का अभाव युध्द की स्थितियां भी निर्मित कर सकता है।

दोस्ती के रिश्ते अद्भुत होते है,
सभालते रहो तो व्यवहार, ओर
इन्हें मनाते रहो तो त्योहार।

## आज का इतिहास

- 1941 द्वितीय विश्व युद्ध के रूप में, 4.5 मिलियन से अधिक एक्सिस सैनिकों ने सोवियत संघ के अपने अभियान की शुरुआत की, लिथुआनियाई एक्टिविस्ट फ्रंट ने लिथुआनिया को सोवियत कब्जे से मुक्त करने और नए सिरे से सरकार स्थापित करने के लिए शुरू किया।
- 1941 द्वितीय विश्व युद्धः जैसा कि 4.5 मिलियन से अधिक एक्सिस सैनिकों ने सोवियत संघ पर अपना आक्रमण शुरू किया, लिथुआनियाई कार्यकर्ता मोर्चा ने लिथुआनिया को सोवियत कब्जे से मुक्त करने और एक नई सरकार स्थापित करने शुरू किया।
- 1944 अमेरिका ने सेवानिवृत सैनिकों की मदद के लिए कानून बनाया
- 1945 ओकिनावा का युद्ध समाप्त हो गया। ओकिनावा की लड़ाई को ऑपरेशन आइसबर्ग नाम दिया गया, ओकिनावा के रयूकू द्वीप पर लड़ा गया और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान प्रशांत युद्ध में सबसे बड़ा उभयचर हमला शामिल था। 82-दिवसीय लड़ाई अप्रैल के शुरू से जून 1945 के मध्य तक चली।
- 1957 तत्कालीन सोवियत रूस ने पहली बार आर-12 मिसाइल का प्रक्षेपण किया।
- 1957 सोवियत संघ ने पहली बार आर -12 मिसाइल लॉन्च की। क्यूबा में ऋ12 मिसाइल के तैनाती ने 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट का कारण बना। 2335 मिसाइलों का उत्पादन किया। हालांकि, सभी को 1993 में सोवियत और अमेरिकी शस्त्र नियंत्रण संधि के तहत नष्ट कर दिया गया था।
- 1969 अमेरिका के ओहियो में कुयाहोगा नदी की सतह ने आग पकड़ ली, जिससे पर्यावरणीय आंदोलन को गति मिली।
- 1978 चारोन, बौने ग्रह प्लूटो के एक उपग्रह, अमेरिकी खगोलशास्त्री जेम्स डब्ल्यू।

## निशाना

### पहला दिन सत्र का!



- कृष्णेन्द्र राय

मिलना जुलना शुरू हुआ ।
और व्यंग्य बाण ।।
पहला दिन सत्र का ।
है इसका प्रमाण ।।
उलटफेर करने को ।
मन रहा मचल ।।
है करना प्रभावी ।
जो अपना है कल ।।
शुरू हो गया प्रतिपल ।
ऐसा कुछ उपाय ।।
क्रियाकलाप जो भी ।
हो वह हमें सहाय ।।
घेरने को लेकर ।
चल रही तैयारी ।।
अमल होना शुरू हुआ ।
बढ़ी बेकरारी ।।

## जी-7 में विस्तार का वक्त...

# भारत को पूर्णकालिक सदस्य बनने के लिए आमंत्रित किया जाए

■ सुरेंद्र कुमार

सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी की भरमार है। वह कॉलेज जाने वाली किशोरी की तरह लग रही हैं, जो अपने हीरो के साथ सेल्फी लेकर बहुत खुश और अभिभूत हैं और उत्साह में चिल्लाती हैं-मेलोडी (मेलोनी और मोदी) टीम की ओर से हेलो! प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर आलोचक भी यह स्वीकार करेंगे कि हमारे सत्तर वर्षीय प्रधानमंत्री ने अलग- अलग तरह के वैश्विक नेताओं के साथ गर्मजोशी, मिलनसारिता और व्यक्तिगत रिश्ते बनाने में अनूठी महारत हासिल कर ली है।

उन्हें केवल आउटरीच सेशन में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन सामूहिक तस्वीर लेते वक्त उन्हें प्रमुखता से केंद्र में रखा गया। संक्षेप में कहें, तो उनके प्रति काफी सम्मान और शिष्टाचार दर्शाया गया। और हो भी क्यों नहीं? अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों तथा ब्रिटिश एवं कनाडा के प्रधानमंत्रियों (जनमत सर्वेक्षणों में जिनकी लोकप्रियता घट गई है और अनिश्चित राजनीतिक भविष्य का सामना कर रहे हैं) की तुलना में मोदी ने भारत में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच दिया है, हालांकि उनकी अपनी पार्टी लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐसे मुद्दे उठाए, जो न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। एआई और ऊर्जा, अफ्रीका एवं भूमध्यसागर पर जी-7 के आउटरीच सेशन में उन्होंने कई विषयों पर प्रकाश डाला, मुख्य रूप से मानव प्रगति में प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर। मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रौद्योगिकी के उदय ने साइबर सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपनी विकास यात्रा के लिए किस तरह से एआई का लाभ उठा रहा है। यह जरूरी है कि एआई पारदर्शी, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बना रहे। जहां तक ऊर्जा का सवाल है, भारत का दृष्टिकोण उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम निर्धारित समय से पहले अपनी कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। भारत लाइफ (एलआईएफई) मिशन के सिद्धांतों के आधार पर हरित युग की शुरुआत करने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने धरती को और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए %एक पेड़ मां के नाम% अभियान पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि समय से पहले कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाला भारत पहला देश होगा और यह 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। सितंबर, 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी यूनियन को उसका पूर्ण सदस्य बनवाने के भारत के प्रयासों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल साउथ की भलाई के लिए बोलने और विश्व मंच पर अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं को व्यक्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई। भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने भारत-प्रशांत और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की आशा व्यक्त की।




पिछले दो दशक से ज्यादा समय से हम सुन रहे हैं कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जन्मी मौजूदा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) आज दुनिया की वास्तविकताओं को नहीं दर्शाती और उसकी समस्याओं का समाधान करने में अक्षम है। यही बात जी-7 के साथ लागू होती है, जिसकी स्थापना 1975 में दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक लोकतंत्रों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान) के एक अनौपचारिक समूह के रूप में तेल संकट, वित्तीय संकट और मंदी से निपटने के लिए की गई थी। इस समूह में कनाडा 1975 में शामिल हुआ। इसका न तो मुख्यालय है, न सचिवालय और न ही चार्टर। इसकी अध्यक्षता बारी-बारी से हर साल सदस्य देशों द्वारा की जाती है। मौजूदा अध्यक्ष एजेंडा निर्धारित करता है और गैर-सदस्य देशों को उचित समझकर आमंत्रित करता है। पिछले कुछ वर्षों में मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक चिंताओं के अलावा जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रवासन जैसे कई मुद्दे जी-7 की चर्चाओं में प्रमुखता से शामिल रहे हैं।

जी-7 देशों की कुल जीडीपी, जो विश्व की जनसंख्या का मात्र 10 फीसदी है, 463 खरब डॉलर है। आईएमएफ के अनुसार, 2023 में यह वैश्विक जीडीपी का 26.4 फीसदी रह गया है, जबकि 2000 में यह 40 फीसदी था। हालांकि वर्तमान में ब्रिक्स की जीडीपी लगभग 260 खरब डॉलर होने का अनुमान है। गोल्डमैन सैक को लगता है कि 2050 तक ब्रिक्स जी-7 की जीडीपी से आगे निकल सकता है! यदि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और अर्जेंटीना जैसे देशों को इसमें शामिल कर लिया जाए, जिन्होंने ब्रिक्स में शामिल होने में रुचि दिखाई है, तो यह काम पहले भी हो सकता है। अकेले भारत की जनसंख्या पूरे जी-7 देशों की कुल आबादी से दोगुनी है और भारत का वर्तमान जीडीपी (39.40 खरब डॉलर) जी-7 के चार सदस्यों- इटली, फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा के जीडीपी से ज्यादा है। ऐसे में, भारत को शामिल किए बिना जी-7 वैश्विक मुद्दों पर चर्चा कैसे कर सकता है और व्यावहारिक समाधान कैसे निकाल सकता है? अब समय आ गया है कि भारत को जी-7 का पूर्ण सदस्य बनने के लिए आमंत्रित किया जाए, न कि आउटरीच सत्रों के लिए। अभी अमेरिका, जिसका जीडीपी जी-7 के कुल जीडीपी का 50 फीसदी से अधिक है, समूह के अन्य सदस्यों के समर्थन के कारण गैर-सदस्य देश के खिलाफ प्रतिबंधों सहित कोई भी निर्णय पारित करवा सकता है। भारत के शामिल होने से उस मनमानी को कुछ हद तक चुनौती मिलेगी। अगर इसमें दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को शामिल नहीं कर सकते, तो उन्हें ब्राजील और इंडोनेशिया जैसे लोकतंत्रों को शामिल करना चाहिए और इसका नाम जी-10 रखना चाहिए। भारत और ब्राजील आईएमएफ में उच्च मतदान अधिकारों के लिए दबाव डाल रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन और जापान की मदद से अमेरिका आसानी से ऐसी मांगों को टाल सकता है। अब समय आ गया है कि जी-7 के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में भी बदलाव हो।

- साभार

■ ललित गर्ग

# लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाए

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बड़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है। संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मर्यादा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी।



एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र ÷मोजॉयक÷ है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है। अगर जनता ने ऐसा फैसला किया है तो उसने सरकार की नियत पर मुहर लगाई है। उसकी नीतियों पर मुहर लगाई है। जनता के फैसले का स्वागत होना चाहिए, लेकिन ऐसा न होना संसद के साथ-साथ भारत के लिये परेशानी का कारण है। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की ओर गतिशील है। भारत की बात दुनिया बड़ी ध्यान से सुनती है, वही दुश्मन देश भारत पर तिरछी नजर डालने से पहले सौ बार सोचते हैं, यह भारत की बड़ी ताकत का द्योतक है, जिसे पक्ष एवं विपक्ष मिलकर सहेजे और नये आयाम उद्घाटित करें। इन विषयों पर गंभीर चिन्तन-मंथन की संसद के पटल पर अपेक्षा है। जबकि निश्चित ही छोटी-छोटी बातों पर अभद्र एवं अशालीन शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि घटनाओं का संसद के पटल पर होना दुखद, त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण है। इससे संसद की गरिमा एवं मर्यादा को गहरा आघात लगता है। यह सिलसिला बंद होना चाहिए। जहां विपक्ष का यह दायित्व है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करे वहीं सत्तापक्ष की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहे। यदि ऐसा नहीं होता तो यह निराशाजनक ही होगा। राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।

- साभार

## लोगों के लिए राह बनी मुसीबत...



**नर्मदापुरम।** रेलवे स्टेशन के पास इन दिनों निर्माण कार्य जारी है. यहां से गुजरने वाले अवागमन के मार्ग पर मिट्टी कचरा फैला होने से राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। जरा सा पानी गिरने से इस मार्ग पर कीचड़ मच जाती है. जिससे छोटे वाहनों के फिसलने का हमेशा खतरा बना रहता है। रेलवे प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए।

### अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

# भूमिपूजन एवं शिलान्यास से पूर्व जनप्रतिनिधियों को स्थल निरीक्षण कर कार्य से अवगत कराएं: केसरी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी की अध्यक्षता में सोमवार को नर्मदापुरम संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक गणों एवं अधिकारियों के बीच विकास कार्यों को लेकर बेहतर समन्वय की बात कही गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत केसरी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने निर्माण कार्यों एवं अन्य कार्यों के शिलान्यास भूमि पूजन से पूर्व सभी जनप्रतिनिधियों को उस कार्य से अवगत कराए। जनप्रतिनिधियों को अनिवार्यता स्थल विजिट कराए और जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों को प्राथमिकता से अमल में लाएं।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री केसरी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप संभाग एवं जिले में हो रही प्रगति एवं कार्य में आ रही बाधाओं की रिपोर्ट मुख्यमंत्री जी को प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया की कोई भी निर्माण कार्य में बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। आवश्यक बजट एवं स्वीकृति के अभाव में कोई भी कार्य नहीं रुकेंगे।

बैठक में विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा ने एस्ट्रो ट्रक की स्वीकृति एवं एक्सीलेंस स्कूल में 60त्न से कम अंक लाने वाले बच्चों के एडमिशन का मुद्दा उठाया, उन्होंने बताया कि स्कूल में सीट निर्धारित है। कम प्रतिशत वाले बच्चे का एडमिशन नहीं हो रहा है। उन्होंने ट्रेंचिग ग्राउंड की समस्या बताते हुए कहा कि इसके लिए मशीन आ गई है। 6 करोड़ रुपए की राशि भी आई है। उन्होंने कहा कि ड्रेचिग ग्राउंड में बाउंड्री वॉल बनाना आवश्यक है।

डॉक्टर शर्मा ने बताया कि कॉलोनी नाइजर पर रिकवरी निकलती है लेकिन वसूली नहीं हो रही है. श्री केसरी ने कलेक्टर को निर्देश दिए की संपूर्ण मामले का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में हाउसिंग बोर्ड के मकान में रहने वालों की समस्या के संबंध में जानकारी दी गई। वही खोजनपुर फेफरताल, किशनपुरा, मालाखेड़ी के निवासियों को आबादी के पट्टे देने की मांग की गई। बाढ़ प्रभावित लोगों के पट्टे देने की भी बात कही गई। कमिश्नर डॉक्टर पवन शर्मा ने बताया कि शासन के नियम के तहत पट्टे अभी नहीं दिए जा सकते हैं, फिर भी आवश्यक प्रशिक्षण कर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा। श्री केसरी ने जर्जर सरकारी आवास को तोड़ने के पूर्व सर्वे कर परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने तवा नगर में स्थापित कॉलोनियों का मुद्दा उठाते हुए बताया कि ऐसे स्थानों को राजस्व ग्राम घोषित किया जाए, राजस्व ग्राम घोषित होने से वहां के लोगों को अन्य सुविधाएं मिल पाएगी। कलेक्टर ने अवगत कराया की जमीन वन विभाग की है और वहां पर 3 से 5 हजार की आबादी बसी हुई है। श्री केसरी ने निर्देश दिए की संपूर्ण मामले का परीक्षण करा कर वन विभाग से डी नोटिफिकेशन कराया जाए। वन विभाग से निकालकर जमीन राजस्व ग्राम में परिवर्तित होगी। डॉक्टर सीता सरन शर्मा ने साकेत एवं रायपुर की जमीन को आबादी की जमीन घोषित करने की मांग की। डॉ शर्मा ने बताया कि इटारसी एवं होशंगाबाद में ऑक्सीजन प्लांट बंद है। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों की तैनाती न होने के कारण ऑक्सीजन प्लांट बंद है। कमिश्नर डॉक्टर पवन कुमार शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए की तत्काल प्लांट चालू कराकर कर्मचारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में नामांकन, बटवारा सीमांकन की स्थिति अत्यंत खराब है। एक साल तक के आवेदन लगे हैं लेकिन निराकरण नहीं हो रहा है। आमला विधायक ने भी बताया कि कई जगह खसरा नक्शा गलत है। व्यक्तियों के गलत नाम चढ़ गए हैं, तो त्रुटि पूर्ण नाम चढ़ा दिए गए हैं। उन्हें सुधारा जाए। कमिश्नर डॉक्टर पवन कुमार शर्मा ने सभी विधायकों को आश्वासन दिया कि नामांकन सीमांकन बटवारा के प्रकरण वे व्यक्तिगत रूप से देखेंगे और उसका निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले 30 दिन में सभी जिले के कलेक्टर तहसील कार्यालय में जाकर अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत होंगे।

विधायक गणों द्वारा सिकमी नामा पर आपत्ति दर्ज की गई। कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि सिकमी नामा बिना तहसीलदार के सत्यापन के नहीं हो सकता है। अतः सिकमी लेने वाले किसान अनिवार्य रूप से तहसीलदार से सिकमी नामा का सत्यापन कराए।

सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने बताया कि अनुपूरक बजट में 15 करोड़ रुपए की सड़क स्वीकृत हुई थी, लेकिन अभी तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत काला आखर में बनी सड़क का मुद्दा उठाते हुए बताया कि सड़क 1 साल के अंदर ही उखड़ गई है। श्री केसरी ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह सड़क का परीक्षण करवा लेवे।

श्री वर्मा ने बताया सात उप स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा में स्वीकृत हुए थे लेकिन अभी एक का भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। श्री केसरी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि वह उप स्वास्थ्य केंद्र की निर्माण एजेंसी के बारे में विधायक को अवगत कराए।

## तवा नगर को राजस्व ग्राम बनाने का उठाया मुद्दा

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने बताया कि अनुपूरक बजट में 15 करोड़ रुपए की सड़क स्वीकृत हुई थी, लेकिन अभी तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत काला आखर में बनी सड़क का मुद्दा उठाते हुए बताया कि सड़क 1 साल के अंदर ही सड़क उखड़ गई है। श्री केसरी ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह सड़क का परीक्षण करवा लेवे। श्री वर्मा ने बताया कि नर्मदा पुरम से टिमरनी तक फोरलेन बनाया जाएगा जो मुख्यमंत्री कि घोषणा है। लेकिन अभी तक इसकी शुरुआत नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सात उप स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा में स्वीकृत हुए थे लेकिन अभी एक का भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। श्री केसरी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि वह उप स्वास्थ्य केंद्र की निर्माण एजेंसी के बारे में विधायक को अवगत कराए। श्री वर्मा ने डोलरिया महाविद्यालय में कॉमर्स एवं साइंस का विषय शुरू करवाने की मांग की। उन्होंने तवा नगर का मुद्दा उठाते हुए बताया कि तवा नगर में स्थापित कॉलोनियों को ऐसे स्थानों को राजस्व ग्राम घोषित किया जाए, राजस्व ग्राम घोषित होने से वहां के लोगों को अन्य सुविधाएं मिल पाएगी। कलेक्टर ने अवगत कराया की जमीन वन विभाग की है और वहां पर 3 से 5 हजार की आबादी बसी हुई है। केसरी ने निर्देश दिए की संपूर्ण मामले का परीक्षण करा कर वन विभाग से डी नोटिफिकेशन कराया जाए। वन विभाग से निकालकर जमीन राजस्व ग्राम में परिवर्तित होगी। इस दौरान सभी विधायकों ने अवगत कराया कि स्थानीय बच्चों का सीएम राइज स्कूल में एडमिशन नहीं हो रहा है लॉटरी सिस्टम से एडमिशन हो रहे हैं।

## स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की परियोजना क्रियान्वयन इकाई नर्मदापुरम अंतर्गत सम्मिलित नगर सोहागपुर व बनखेड़ी में एशियन डेवलपमेंट बैंक वित्त पोषित जल प्रदाय योजना तहत नगर के स्व सहायता समूहों को सहभागी योजना, सामुदायिक निगरानी एवं पानी के रखरखाव स्वच्छता तथा स्वच्छता संबंधित प्रथाओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर परिषद सोहागपुर व बनखेड़ी के कर्मचारीगण, पीआईयू नर्मदापुरम के सामुदायिक विकास अधिकारी डॉ.अमित कुल्हार, सामुदायिक विशेषज्ञ डॉ. रीता मोहन, श्यामा तिवारी, फील्ड इंजीनियर संतोष अहिरवार एवं संविदाकार के सुपरवाइजर, स्व सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रहे।

## निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का किया आयोजन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



सोमवार के दिन सेवा सदन प्राथमिक आंख जांच केंद्र सिवनी मालवा ( बानापुरा ) में जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति, वेन गिविंग फाउंडेशन तथा मिशन फॉर विजन द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ऑप्टोमेट्रिस्ट रज्जू सेन द्वारा 47 मरीजों की जांच की गई जिसमे 24 मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु सेवा सदन आई हॉस्पिटल ट्रस्ट संत हिरदाराम नगर भोपाल भेजा गया। जिसमे पूर्व नेत्र परीक्षण अधिकारी गुप्ता जी, नगर के समाजसेवी अनिल कलवानी, हेल्थ वर्कर एवम डाटा एंट्री ऑपरेटर मोनिका बकोरिया उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने फायर सेफ्टी ऑडिट कार्यों की समीक्षा, केमिकल फैक्ट्री की जांच व निरीक्षण के निर्देश दिए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने आज लंबित आवेदनों समीक्षा बैठक में फायर सेफ्टी ऑडिट पर की गई कार्यवाहियों के संबंध में जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों तथा ग्रामीण में स्थापित प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। खासकर उन्होंने अस्पतालों, स्कूलों की फायर ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने शासकीय बिल्डिंगों व अस्पतालों और शासकीय स्कूलों में भी फायर सेफ्टी ऑडिट कराई जाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिले में स्थापित प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस देकर नियमानुसार कार्यवाही करें।

कलेक्टर श्री वैद्य ने फायर सेफ्टी ऑडिट के साथ-साथ जिले में स्थापित केमिकल फैक्ट्रीज और अन्य संस्थाओं पर की गई कार्यवाहियों की भी समीक्षा की है। उन्होंने जांच हेतु नियुक्त किए गए दल में शामिल विभागों तथा संबंधित एसडीएम को केमिकल फैक्ट्रियों सहित अन्य संस्थाओं में की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में संवाद कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केमिकल फैक्ट्रियों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान बतलाया गया कि विदिशा में कुल 21 इकाइयां हैं जिनमें 17 इकाई पीतलमिल में स्थापित हैं, जबकि चार इकाई शहर से बाहर हैं। इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापित केमिकल फैक्ट्रियों में जांच दल के द्वारा कार्यवाही की जाए के निर्देश कलेक्टर के द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने दल में शामिल विभागों को निर्देश दिए हैं कि जांच-पड़ताल कर इससे संबंधित एग्जाई रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित करें।

**मेट्रो एंकर**

### कुएं केअतिक्रमण हटाने की थी बात, नगर पालिका कुओं को मिटाने पर तुली

# भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए जिस कुएं से आधी आबादी पीती है पानी, उस पर खतरा!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




एसडीएम को दिया गया आवेदन विनोद सेन द्वारा सार्वजनिक नाई वाले कुएं की वाउडी वाली जमीन की सतह से ऊच्ची कर उसमे पूर्वी की भांति आमजन को पानी पीने के लिये हेण्डपम्प लगवाने एवं अवैध अतिक्रमण हटाने जाने के संबंध में आवेदन पत्र दिया। नगर सिरोंज के बार्ड न0 13 मोहल्ला बामोरा रोड पर एक शासकीय सार्वजनिक नाई वाला कुआ स्थित है जिस पर आदेश जैन पुत्र सागरमल जैन निवासी सिरोज द्वारा अवैधानिक रूप से अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कार्य कर मकान वना दिया है। उक्त निर्माण के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी, सिरोंज तहसीलदार सिरोंज, कलेक्टर विदिशा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिरोंज आदि कार्यालयों में शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये थे तथा तहसीलदार सिरोंज द्वारा विधिवत जाँच कराकरय मुख्य नपा अधिकारी सिरोंज को दिनाक 08.12.2022 को आदेशित करते हुये उक्त कुये पर अतिक्रमण हटाये जाने का आदेश दिया गया है। परन्तु नगरपालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आज दिनांक तक उक्त आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है जिससे आवेदक अत्यंत दुखी है। 2 यह कि आवेदक के आवेदन पत्री पर माननीय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज द्वारा भी आदेश कमांक 454 दिनांक 03.03.2023 जारी किया गया है एवं आदेश कमांक 984 दिनांक 18.05.2023 को भी मुख्यनगरपालिका अधिकारी सिरोंज को आदेशित किया था परन्तु उस पर भी कोई कार्यावाही आज दिनांक तक नहीं की गई है। नगरपालिका परिषद सिरोंज द्वारा आज दिनांक तक उक्त आदेश का पालन भी नहीं किया गया है जबकि नगर सिरोंज में नगरपालिका द्वारा नगर के अनेक जगहो पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान चलाया जा रहा है इसी कम में नाई वाले कुये का अवैध अतिक्रमण भी अतिशीघ्र हटायें जाने का निवेदन है। नगरपालिका द्वारा सार्वजनिक कुएं को संरक्षित भी अपनी सूची में किया गया है यदि उक्त सार्वजनिक कुये से अतिक्रमणकर्ता का अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उक्त कुआ पूर्ण रूप से नष्ट हो जावेगा, जिससे भविष्य में नगर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर उक्त मोहल्ले के लोगो को जल संकट से जूझना पडेगा। नगरपालिका द्वारा उक्त नाई वाले कुये की बाउंड्री वाल एवं हेण्डपम्प हटाकर उक्त सुधार के नाम पर जमीन के लेवल पर लाकर छोड दिया है जिससे बारिष का गंदा पानी बहकर कुये में जा रहा है उक्त नाई वाले कुये को बाउंड्री वाल उठाकर उसमें हेण्डपम्प लगाया जावे जिससे आमजन को पानी की सुविधा हो सके। नगरपालिका द्वारा उक्त नाई वाले कुये की बाउंड्री वाल एवं हेण्डपम्प हटाकर उक्त सुधार के नाम पर जमीन के लेवल पर लाकर छोड दिया है जिससे बारिष का गंदा पानी बहकर कुये में जा रहा है उक्त नाई वाले कुये को बाउंड्री वाल उठाकर उसमें हेण्डपम्प लगाया जावे जिससे आमजन को पानी की सुविधा हो सके।




### कृषि विस्तार अधिकारी बैठे रहे कुर्सी पर, किसान बैठे जमीन पर

# खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन, एसडीएम ने कराई व्यवस्था





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
किसानों को बारिश के बाद खरीफ फसल की बनी के लिए खाद बीज की आवश्यकता होती है सरकार के द्वारा बड़े-बड़े दावे तो किए जाते हैं। धरातल पर कुछ और ही नजर आता है, हर साल समय पर खाद भी नहीं मिलने के कारण किसानों को परेशानी हो रही है बीज तो सरकार दे ही नहीं पाती है। खाद भी उपलब्ध नहीं होने से नाराज किसानों ने किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के साथ पहले तो कृषि व्यवस्था अधिकारी के कार्यालय में बैठकर काफी देर तक प्रदर्शन किया सरकारे कृषि विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की इसी दौरान कृषि विस्तार अधिकारी जहां कुर्सी पर बैठे रहे वहीं किसान अपनी समस्या की मांग के लिए उनके सामने नीचे जमीन पर बैठकर नारेबाजी करते रहे फिर कृषि विस्तार अधिकारी ने कहा कि हम समस्या को दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे अपनी असमर्थता जताकर उनको शांत करने का प्रयास करते रहे पर किसानों की मांग थी कि हमें खाद्य की व्यवस्था कराई जा पर वह कुछ नहीं कर पाए काफी देर तक इनका प्रदर्शन चला रहा । किसानों ने एसडीएम कार्यालय मैं भी प्रदर्शन किया किया जहां पर उन्होंने खरीफ फसल की बोनी के लिए खाद नहीं होने को लेकर कृषि विस्तार कृषि विभाग के खिलाफ नारेबाजी की एसडीएम हर्षल चौधरी किसानों के पास पहुंचे दोनों किसानों से बात करते हुए कहा कि खाद की जो भी समस्या है उसको हम दूर करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं तत्काल उन्होंने कई समितियां और गोदाम पर बात करके डेढ़ सौ से 200 के करीब किसानों को तत्काल खाद की बोरियां दिलवाने का काम किया क्योंकि जिले से खाद मिलन अभी चार-पांच दिन मुश्किल लग रहा है ।इसलिए अन्य विकल्पों के रूप में जो खाद उपलब्ध है उसका उपयोग करने पर उन्होंने जोर देते हुए एनपीए खाद के उपयोग की बात कई तथा उन्होंने कृषि अधिकारी वीरेंद्र मालवीय को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल खाद की उचित व्यवस्था करने के लिए सभी कदम उठाएं जो एनपीए खाद उपलब्ध कराया जा रहा है उसका उपयोग किसान करें उसके लिए हर पंचायत के 5 ग्रामों को मिलाकर एक बैठक करके जागरूकता कार्यक्रम करें किसानों को बोनी के लिए खाद के लिए परेशान ना हो ऐसे इंतजाम करें एसडीएम ने भी जिले के अधिकारियों से बात करके खाद उपलब्धता के संबंध में बात की किसान नेता रघुवंशी ने कहा कि सरकार के द्वारा केवल किसानों को साथ झूठे वादे किए जाते हैं अधिकारी सुन नहीं रहे हैं आज किसान खाद के लिए परेशान हो रहा है। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। होने के लिए अभी खाद नहीं मिलेगा तो हम लोग बोनी में पिछड़ जाएंगे बारिश होने पर बोनी भी नहीं हो पाएगी किसानों को खाद उपलब्ध करवाया जाए काफी देर की चर्चा के बाद कई किसानों को खाद भी मिला।

## समिति प्रबंधकों ने गायब कर दिया डीएपी

वहीं किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जितना भी डीएपी खाद आया था जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने चाहने वालों को बेच दिया अब वही डीएपी खाद यह रसूखदार किसानों को 2000 प्रति बोरी बेंच रहे हैं। ग्रामीण अंचलों से आए किसानों ने एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए बताया कि बड़े-बड़े किसानों को समिति प्रबंधकों द्वारा डीएपी खाद भेज दिया पूछने पर बोलते हैं डीएपी खत्म हो गया । अधिकांश समिति प्रबंधकों के द्वारा किसानों को खाद नहीं दिया जा रहा तथा कई दुकानदारों के द्वारा महंगे दामों पर खाद बेचने का काम किया जा रहा है।

### इनका कहना है -

*खरीफ फसल की बोनी के लिए तत्काल किसानों को खाद उपलब्ध करवाया जाए जल्दी ही भरपूर मात्रा में खाद नहीं मिला तो उग्र प्रदर्शन किसानों के हित मैं करेंगे।*

**सुरेंद्र रघुवंशी** किसान नेता

*काफी किसानों को हमने पथरिया तथा अन्य समितियां और जहां भी खाद था वहां से दिलवा दिया है एनपीए खाद के प्रीति किसानों को जागरूक करें इसके संबंध में कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देश दिए हैं। किसानों को खाद के लिए परेशान नहीं होने दिया आएगा हम सभी इंतजाम करने में लगे हुए हैं जिले में भी खाद को लेकर बात की है कोई विक्रेता अधिक दामों पर खाद का विक्रय करेगा तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे।*

**हर्षल चौधरी** एसडीएम सिरोंज

### भटौली से हटाया, एसडीएम के प्रतिवेदन पर हुई कार्रवाई

# जिपं सीईओ ने पथरिया पंचायत सचिव की रोकी दो वेतन वृद्धि

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
हेकड़ी दिखाकर काम करने वाले तथा नियम वृद्धि कार्य करने वाले पंचायत सचिव पर शिकंजा करते हुए जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट ने पथरिया पंचायत सचिव आनंद सिंह यादव पर कार्रवाई करते हुए दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई तथा भटौली पंचायत का प्रभार तत्काल छोड़ने का आदेश भी जारी किया गया है। हमारे संवाददाता द्वारा लगातार नियमों को तात्पर्य कर काम करने तथा हितग्राहियों को शासन योजना का लाभ दिलाने के बदले में पैसों की मांग करने व लाडली बहनाओं को योजना से वंचित रखने सहित कई शिकायत में सामने आने के बाद लगातार खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा था शिकायत के बाद एसडीएम ने नायब तहसीलदार से जांच कराई थी इसके बाद पथरिया पंचायत के सचिव पर कार्रवाई करने के लिए एसडीएम में जांच के बाद कार्रवाई के लिए जिला सीईओ को भेजा था उसी जांच प्रतिवेदन पर पथरिया पंचायत सचिव आनंद सिंह पर जिला पंचायत सीईओ ने कार्रवाई करते हुए आदेश जारी किया जिसमें उन्होंने पंचायत आचरण धारा 1998 कंडिका 3 विरुद्ध क्रमांक 1,2,3 पदीय दायित्व का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की है ।




**दोपहर मेट्रो — खबर का असर**

पंचायत सचिव आनंद सिंह यादव की दो वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी किया है साथ ही भटौली का प्रभार भी तत्काल छोड़ने का आदेश भी जारी किया है । पथरियां पंचायत के हितग्राहियों को जरूर डर सता रहा है की शिकायत के बाद अब और हमारे कोई काम नहीं होंगे पंचायत सचिव को भी जिला सी ईओ ने हमारी पंचायत से नहीं हटाया है। वहीं इस कार्रवाई के बाद भटोली पंचायत के हितग्राहियों सरपंच को तो पंचायत सचिव आनंद सिंह से मुक्ति मिल जाएगी पर सबसे ज्यादा परेशानी पथरिया पंचायत के हितग्राहियों को हो रही थी। वहीं पर नियम वृद्धि कार्य पंचायत सचिव के द्वारा किए जा रहे थे निजी व्यक्ति के पट्टे में से ग्रेवर मार्ग बनाने का कार्य ,कूप योजना का लाभ दिलाने के बदले में गौरव रघुवंशी से पैसों की मांग की गई इसकी शिकायत शपथ पत्र के साथ एसडीएम से की थी अन्य लोगों ने भी शिकायत की थी। अब इन लोगों को कैसे न्याय मिलेगा क्योंकि पथरिया से नहीं हटाएगा इस वजह से पथरिया के लोग की समस्याएं का समाधान होगा ही नहीं। शिकायतकर्ता गौरव रघुवंशी ने बताया कि पंचायत सचिव की मनमानी तथा हर काम में पैसों की मांग इनके द्वारा की जाती है इनके इसका व्यवहार से पंचायत के लोग वैसे ही परेशान है इन से मुक्ति हम लोगों को मिलनी चाहिए थी पर ऐसा नहीं हुआ अब जिन लोगों ने शिकायत की है उनके काम तो इनके द्वारा नहीं किए ही नहीं जाएंगे हम लोग मांग करते हैं कि आनंद सिंह यादव को पथरिया पंचायत से हटाया जाए। अनुविभागीय अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत सीईओ को भेजा गया था प्रतिवेदन में बताया कि आवेदक बालचन्द पुत्र सोमा अहिरवार द्वारा शिकायत की गई है थी कि आवेदक की भूमि ग्राम राजपुर पंचायत पथरिया स्थित भूमि सर्वे नं. 435 मिन रकबा 0.920 है। भूमि में पंचायत द्वारा रातों रात बिना भूमि स्वामी की अनुमति के रोड डाला जा रहा है। जिसके संबंध में प्रकरण भी पंजीबद्ध कर हल्का पटवारी से जांच कराई गई। जांच में सामने आया की ग्राम पंचायत पथरिया द्वारा ग्रेवल रोड निर्माण राजपुर गुलाबगंज तक किया जा रहा है। जिसके आधार पर सिरोंज विभाग के अधिकारी द्वारा पटवारी से जवाब भी तलब किया गया था। इसके आलावा एक ओर शिकायत पत्र गौरव रघुवंशी पुत्र रामगोपाल रघुवंशी पथरिया द्वारा की गई थी। हितग्राही ने शासकीय योजना अंतर्गत कुआ का निर्माण किया था जिसकी राशि डालने के बदले ग्राम पंचायत पथरिया सचिव आनंद सिंह यादव द्वारा दस हजार रूपयों की मांग की जा रही है। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत के अन्य लोगों ने भी कई योजनाओं मैं भ्रष्टाचार एवं लापरवाही के आरोप लगाए थे। भटौली पंचायत के सरपंच ने भी प्रभारी सचिव आनंद सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे और पंचायत से हटाने के लिए जिला सी ईओ को आवेदन दिया था अब जाकर कार्रवाई हुई है।

## एक प्रकरण में जिला बदर की कार्यवाही

**सिरोंज।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक शंभू अहिरवार पिता गुलाबसिंह उम्र 31 साल निवासी लुंहागी मोहल्ला विदिशा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही छह माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए निष्कासित किया गया

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिरोंज।** सोमवार को बासौदा रोड पर पाटीदार पेट्रोल पंप के सामने नरेंद्र पिता सुरेश विश्वकर्मा उम्र 27 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और सब को नीचे उतर कर पंचनामा बनाकर पीएम के लिए शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय ले गए जहां पर पीएम के बाद लास परिजनों को सौंप दी पुलिस ने मार्ग का मामला दर्ज करके मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक डिप्रेशन में चल रहा था इसके चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

# दिन भर गर्मी शाम को झमाझम बारिश से लोगों को मिली राहत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
सोमवार को सुबह से ही गर्मी उमस के कारण बेचौनी हो रही थी दोपहर के बाद मौसम में बदलाव के बाद आसमान पर बादलों ने डेरा जमा लिया शाम 4 बजे से बारिश का दौर प्रारंभ हुआ देखते ही देखते झमाझम बारिश होने से जहां लोगों को गर्मी से मुक्ति मिल गई। निचली बस्तियों में पानी पानी नजर आ रहा था सड़कों पर गंदगी तैर रही थी। वहीं क्षेत्र में पहले बारिश नहीं होने के कारण किसान बोनी नहीं कर पाए वहीं भी बोनी की तैयारी जुट गए हैं ।दो दिनों से बारिश हो रही है कई ग्रामों में पर्याप्त बारिश बोनी के लायक हो गई है। इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो पानी की समस्या भी दूर हो सकती है साथ ही गर्मी से भी मुक्ति मिल सकती है। अभी इसी तरह की बारिश की उम्मीद लोग कर रहे हैं।

### अब तक 82.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई

जिले में इस वर्ष अब तक 82.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि आज सोमवार को 17.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर सोमवार 24 जून की प्रातः आठ बजे दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 62 मिमी, सिरोंज में 14 मिमी, लटेरी में 10 मिमी, ग्यारसपुर में आठ मिमी, गुलाबगंज में 15 मिमी, नटेरन में 45 मिमी, शमशाबाद में 18 मिमी तथा पठारी तहसील में सात मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा बासौदा, कुरवाई तहसील में वर्षा नगण्य रहीं।

# स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन नगर के लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में किया गया। जिसमे स्वावलंबी भारत अभियान के चार विभाग पूर्ण कालिक तरुण यादव, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक महिपाल राजावत, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष परसराम दुबे, और ग्राहक पंचायत के विभाग संयोजक प्रदीप जैन ने दीप प्रज्वलन कर कार्य क्रम का उद्घाटन किया। वही प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए महिपाल राजावत ने स्वदेशी जागरण मंच की विकाश यात्रा के बारे में विस्तार से समझाया। परसराम दुबे ने स्वावलंबी भारत अभियान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला सत्र का संचालन जिला सह संयोजक चरण सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर द्वितीय सत्र में अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सद्भावना बैठक प्रमुख एवम पूर्व विभाग कार्यवाह घनश्याम रघुवंशी द्वारा की गई सत्र को संबोधित करते



हुए जिला सह संयोजक सुखजीत सिंह काके एवं चरण सिंह द्वारा स्वदेशी मेला एवम जिला स्वावलंबन केंद्र विषय पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान तृतीय एवं समापन सत्र सत्र में चार विभाग पूर्णकालिक तरुण यादव एवम जिला पूर्ण कालिक अंकित पाठक द्वारा जैविक उद्यमिता एवं कार्यकर्ता अधिष्ठान व्यक्तित्व एवं व्यवहार पर विषय का प्रतिपादन किया गया। वही कार्यक्रम में आभार अशोक शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला एवं तहसील के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** | कागजी खानापूर्ति के लिए जारी होते हैं जांच आदेश, जनपद में आज भी ठंडे बस्ते में पड़े आदेश

# भ्रष्टाचार में लिप्त भ्रष्ट सरपंच सचिव और इंजीनियरों के हौसले बुलंद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
ग्राम पंचायतों की हालत भ्रष्टाचार की वजह से बहुत ही खराब है,लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का इस ओर कोई ध्यान नहीं होने की वजह से भ्रष्टाचार फल फूल रहा है।ग्राम पंचायतों की हालत भ्रष्टाचार की वजह से बहुत ही खराब है,लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का इस ओर कोई ध्यान नहीं होने की वजह से भ्रष्टाचार फल फूल रहा है। ग्राम पंचायत में फलते-फूलते भ्रष्टाचार की वजह से छोटे बड़े सभी प्रकार के होने वाले निर्माण प्रभावित हो रहे हैं,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अपनी सीट से उठने को तैयार नहीं है। बस अपने आफिस में बैठे बैठे ही ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, जिस का फायदा भ्रष्टाचार में लिप्त सरपंच सचिव तो उठा ही रहे हैं। वह लोग भी पीछे नहीं है जिनकी पत्नीयां सरपंच हैं,या फिर वह लोग जिन्होंने अपने हरवाये को सरपंच बनवाया है, यह लोग कुछ ज्यादा ही ग्राम पंचायतों में सक्रिय है। जनपद पंचायत बासौदा से दिनांक 20.05.2024 को एक चार सदस्यीय आदेश जारी किया गया था, जिस में ग्राम पंचायत उदयपुर के सरपंच द्वारा शिकायत की गई थी कि निर्माणाधीन अमृत सरोवर निर्माण कार्य का मूल्यांकन करने के लिऐ इंजीनियर रामगोपाल यादव द्वारा 10 पर्सेंट मांग की जा रही है। उक्त शिकायत की जांच हेतु जनपद स्तरीय जांच टीम का गठन किया गया और जांच टीम को 7 दिवस में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिऐ लिखा गया। लेकिन यहां मजेदार बात यह है कि उक्त जांच आदेश को जारी हुऐ लगभग एक महीना पूरा हो गया परंतु उस जांच का कोई अता-पता नहीं है।




### इस संबंध में कोई कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, क्योंकि जांच ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत में और भी जांचें है जो कि ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है,यह वही इंजीनियर रामगोपाल यादव है जिन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान ग्राम देलवाड़ा से ग्राम खजूरी के बीच ग्रेवल रोड डाली थी। उक्त ग्रेवल रोड उस समय काफी चर्चा में रही थी और खबरें प्रकाशित भी हुई थी। ग्राम पंचायत अमारी, उदयपुर, चौरावर,महोली,स्वरुप नगर,की समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बाद भी किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने ना तो जांच करवाई और नाही कोई कार्रवाई की गई नहीं करवाई जिस से इंजीनियर के हौसले बुलंद होते चले गये। अगर ऐसे ही कागजी खानापूर्ति के लिये जांच आदेश जारी ठंडे बस्ते में ही डाल ना उद्देश्य है ऐसी परिस्थिति में भ्रष्टाचार को बढ़ावा ही मिलेगा।

# दहेज प्रतिषेध अधिनियम तहत सलाहकार बोर्ड का गठन हेतु सूचना

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग अधिसूचना के द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 8 (ख) (4) के द्वारा गठन किए जाने का प्रावधान है। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रेस नोट जारी कर उक्त प्रावधानों के तहत विदिशा जिला अंतर्गत दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाएगा की सूचना जारी की गई है। उक्त बोर्ड में 05 समाज कल्याण सदस्यों जिनमें 02 महिला सदस्यों को नामांकित किए जाने का प्रावधान है। दहेज सलाहकार बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। सलाहकार बोर्ड द्वारा तीन माह में कम से कम एक बार बैठक होगी। तथापि ऐसा अवसर उपस्थित होता है तो बैठक पहले भी की जा सकेगी। बैठक की गणपूर्ति तीन सदस्यों से कम नहीं होगी। यदि अध्यक्ष या कोई सदस्य सलाहकार बोर्ड के तीन लगातार सम्मेलनोंध्बैठकों में पर्याप्त कारणों के बिना अनुपस्थित रहता है तो उसकी सदस्यता समाप्त होगी। अध्यक्ष, सलाहकार बोर्ड की



बैठकों की अध्यक्षता करेगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में सदस्यों में से एक सदस्य जैसा कि उनके द्वारा विनिष्ठ किया जाए और बैठक की अध्यक्षता करेगा। सलाहकार बोर्ड का संयोजक बैठक का कार्यवृत सलाहकार बोर्ड के समस्त सदस्यों को बैठक की तारीख से 15 दिन के भीतर भेजेगा। जिसकी एक प्रति आयुक्त की जानकारी में आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी जाए। ईच्छुक आवेदक अपना आवेदन सात दिवस के भीतर महिला एवं बाल विकास विदिशा (महिला सशक्तिकरण कार्यालय सरोज गायकवार की बिल्डिंग दुर्गानगर विदिशा) दूरभाष क्रमांक 07592-299058 कार्यालयीन समय में जमा करें।

### सेमी में भारत-इंग्लैंड और अफगानिस्तान-साउथ अफ्रीका आमने-सामने

# अफगानिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में, ऑस्ट्रेलिया बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के सेंट विसेंट स्टेडियम में राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के सेमीफाइनल पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। सुपर-8 के 3 मैचों में ऑस्ट्रेलिया सिर्फ एक जीती और उसके 2 पॉइंट हैं। अफगानिस्तान ने 2 मैच जीते और 4 पॉइंट के साथ सेमीफाइनल में एंट्री की। अब 27 जून को त्रिनिदाद में सुबह 6 बजे अफगानिस्तान का सेमीफाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका से होगा। टीम इंडिया इसी दिन रात 8 बजे गयाना में इंग्लैंड से सेमीफाइनल खेलेगी।

आज बांग्लादेश से मुकाबले में राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान ने 115 रन का टारगेट दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। रनचेज कर रही बांग्लादेश की टीम के विकेट लगातार गिरते रहे। अकेले लिटन दास ही लड़ाई लड़ रहे थे। लिटन ने 54 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका। बांग्लादेश की टीम 105 रन पर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के पेसर नवीन उल हक ने 18वें ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर मैच अफगानिस्तान के नाम कर दिया। कप्तान राशिद ने भी इस मुकाबले में 4 विकेट लिए।

### राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने रच दिया इतिहास




### टी-20 इंटरनेशनल में अब रोहित के सबसे ज्यादा सिक्स



टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप में अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने सेंट लूसिया खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराया। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बनाए और ऑस्ट्रेलियंस के सामने 206 रन का टारगेट रखा। टीम इंडिया ने इस वर्ल्ड कप में पहली बार 200 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया है। इससे पहले डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड यह कारनामा कर चुकी है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 41 बॉल पर 92 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उनकी पारी में 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 छक्के लगाए। उनके टी-20 इंटरनेशनल में 200 छक्के पूरे हो गए हैं। अब रोहित के नाम 203 सिक्स हैं, जो इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा हैं। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। वे टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## टी-20 में पहली बार शुभमन गिल को कप्तानी, 6 जुलाई से शुरू होगी 5 मैचों की सीरीज

**मुंबई, एजेंसी**



अगले महीने होने जा रहे जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। 15 सदस्सीय टीम घोषित की। यह टीम 6 जुलाई से 14 जुलाई तक हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। टी-20 वर्ल्ड कप में ट्रैवलिंग रिजर्व रहे शुभमन गिल को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया था, हालांकि बोर्ड ने उपकप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया है। शुभमन गिल भारत के ओवरऑल 46वें कप्तान बने हैं। वहीं, टी-20 फॉर्मेट में भारतीय टीम के 14वें कैप्टन हैं।

भारतीय टीम ने आखिरी बार 2022 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था। टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली थी। टीम ने तीनों मैच जीतकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया था। आखिरी टी-20 सीरीज भारत ने जिम्बाब्वे ने 2016 में खेली थी, जहां टीम इंडिया 2-1 से जीती थी।

**आईपीएल में गुजरात की कप्तान कर रहे हैं गिलः** वे पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस की कप्तान कर चुके हैं, हालांकि उनकी टीम पिछले सीजन के लीग राउंड से ही बाहर हो गई। गुजरात ने गिल को पंड्या की ट्रेडिंग के बाद कप्तान बनाया गया था। पूरी खबर

**नीतीश रेड्डी को मौकाः** सिलेक्टर्स ने आईपीएल की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलने वाले नीतीश कुमार रेड्डी को मौका दिया है। वे पहली बार टीम इंडिया में चुने गए हैं। वे इंडिया की बी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। नीतीश ने पिछले सीजन में सनराइजर्स की ओर 13 मैचों से 303 रन बनाए थे। उन्होंने 2 फिफ्टी भी जमाई हैं। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी झटके। वे आईपीएल के 275 मैचों में 142.92 के स्ट्राइक रेट से 6363 रन बना चुके हैं। नीतीश के नाम 42 हाफ सेंचुरी दर्ज हैं।

**वर्ल्ड कप खेल रही है टीम इंडियाः** भारतीय टीम इस समय टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है। सोमवार को टीम का आखिरी सुपर 8 मैच ऑस्ट्रेलिया से होना है। भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अब तक अजेय है।

**यह है भारतीय टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

## लगातार दो जीत के साथ पुर्तगाल ने अंतिम-16 में बनाई जगह

**डोर्टमंड, एजेंसी**

कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल ने यहां खेले जा रहे यूरो कप फुटबॉल में लगातार दूसरी जीत के साथ अंतिम-16 में जगह पक्की कर ली है। इस जीत से ग्रुप-एफ में पुर्तगाल की टीम शीर्ष पर पहुंच गई है और उसने 2012 के बाद पहली बार यूरो कप के ग्रुप मुकाबलों में लगातार दो मुकाबले जीते हैं। वहीं, तुर्की की टीम को दो मैचों में पहली हार का सामना करना पड़ा है। उसने दो मैचों में एक जीते और एक हारा है। वह ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। तुर्की को ग्रुप स्टेज में कुल 11वीं हार झेलनी पड़ी। वह डेनमार्क (13) के बाद ग्रुप स्टेज में सर्वाधिक मैच हारने वाल दूसरी टीम है। मैच के दौरान पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की सुरक्षा में सेंध लगी। मैच के दौरान एक बच्चे समेत चार लोग मैदान के अंदर घुस गए और रोनाल्डो के पास पहुंचकर उनकी सेल्फी लेनी की कोशिश करने लगें। हालांकि इस दौरान मैदान में आए बच्चे का रोनाल्डो ने हंसकर स्वागत किया और सेल्फी भी खिंचवाई।




**सिल्वा और ब्रूनो ने दागे पुर्तगाल के लिए गोलः** रोनाल्डो भले ही इस मैच में भी गोल करने में विफल रहे लेकिन इसकी भरपाई बर्नाडो सिल्वा और ब्रूनो फर्नानडेज ने कर दी। सिल्वा ने मैच के 21वें जबकि ब्रूनो ने 56वें मिनट में शानदार गोल किया।

**अकायदीन का आत्मघाती गोलः** तुर्की को अपनी गलती का खामियाजा भी भुगतना पड़ा, जब उसके खिलाड़ी समेट अकायदीन मैच के 28वें मिनट में आत्मघाती गोल कर बैठे। इस गोल से पुर्तगाल की बढ़त 2-0 हो गई थी।

**बेल्जियम ने रोमानिया को हराकर की जोरदार वापसीः** यूरो कप के ग्रुप-ई में पहला मैच हारने वाली बेल्जियम ने वापसी की और रोमानिया के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज कर ली। इस जीत से बेल्जियम ने नॉकआउट दौर में जाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

## महिला क्रिकेटः भारत ने दक्षिण अफ्रीका का किया क्लीन स्वीप

**बेंगलूरु, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे और आखिरी वनडे में छह विकेट से हराया और तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। द. अफ्रीका ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। स्मृति मंधाना लगातार तीसरा शतक लगाने से चूक गई और उन्होंने 11 चौकों के साथ 90 रन बनाए।





### मेट्रो बाजार

## सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 71,000 टन प्याज खरीदा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने इस साल अब तक बफर स्टॉक के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। प्राइस स्टेबलाइजेशन यानी कीमतों में स्थिरता के लिए सरकार ने टोटल टारगेट 5 लाख टन प्याज खरीदने का रखा है। सरकार को उम्मीद है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून की प्रोग्रेस के साथ प्याज की रिटेल कीमतों में कमी आएगी। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के डेटा के मुताबिक ऑल-इंडिया एवरेज ओनियन रिटेल प्राइस 38.67 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जबकि मॉडल प्राइस 40 रुपए प्रति किलोग्राम थी। डिपार्टमेंट के एक सिनियर ऑफिशियल ने बताया कि केंद्र सरकार ने 70,987 टन प्याज खरीदा है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 74,071 टन प्याज खरीदा गया था।




ऑफिशियल ने कहा, इस साल प्राइस स्टेबलाइजेशन बफर के लिए प्याज खरीदने की गति पिछले साल के समान ही है। हालांकि, रबी प्रोडक्शन में लगभग 20 फीसदी की गिरावट आई है। ऑफिशियल ने कहा कि सरकार प्राइस स्टेबलाइजेशन के लिए 5 लाख टन की खरीद का टारगेट प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार बफर स्टॉक से प्याज को रखने या जारी करने का विकल्प अपनाएगी। प्याज का खरीद मूल्य बदलता रहता है, जो मौजूदा मार्केट प्राइस से जुड़ा होता है। कीमतों को कंट्रोल करने के लिए सरकार पिछले साल अगस्त से चरणबद्ध तरीके से कदम उठा रही है। जिसकी शुरुआत 40त्न एक्सपोर्ट ड्यूटी से हुई। इसके बाद अक्टूबर 2024 में मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस को 800 डॉलर प्रति टन किया गया। वहीं 8 दिसंबर 2023 से प्याज के एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इन उपायों से प्याज की घरेलू उपलब्धता को स्थिर कीमतों पर बनाए रखने में मदद मिली है।

## 1 जुलाई से महंगी हो जाएंगी हीरो की गाड़ियां

**नईदिल्ली, एजेंसी**


अगले महीने की शुरुआत यानी 1 जुलाई से हीरो मोटोकॉर्प की गाड़ियां महंगी हो जाएंगी। कंपनी ने कुछ चुनिंदा वाहनों की एक्स-शोरूम कीमतों को 1,500 रुपए तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। हीरो मोटोकॉर्प ने बताया कि कमोडिटी प्राइस में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला लिया गया है।



कंपनी का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी सभी गाड़ियों पर लागू नहीं होंगी। यह सिलेक्टेड मॉडल की एक्स शोरूम कीमतों पर लागू होगी। इससे पहले कंपनी ने 3 जून 2023 को स्कूटर और बाइक के कुछ मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत करीब 1.5 फीसदी तक बढ़ाई थी। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर बीते दिन 1.25 फीसदी चढ़कर 5520 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में हीरो के शेयर ने 7.85 फीसदी, 6 महीने में 35.71 फीसदी और एक साल में 93.60 फीसदी का रिटर्न दिया है। कंपनी ने शेयर ने केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 34.03 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं टाटा मोटर्स ने 2 फीसदी तक कॉमर्शियल गाड़ियों के दाम बढ़ा दिए हैं। टाटा मोटर्स ने अपने सभी कॉमर्शियल व्हीकल्स के दाम 2 फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। बढ़े हुए दाम 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होंगे। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। टाटा मोटर्स ने बताया कि कमोडिटी प्राइस में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला लिया गया है। कंपनी का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी सभी कॉमर्शियल व्हीकल्स की रेंज पर लागू होगी और अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के अनुसार बढ़ोतरी अलग-अलग होगी।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

## अक्षय की फ्लॉप फिल्मों पर अहमद खान बोले- उन्हें असफलता से फर्क नहीं पड़ता है





मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अक्षय कुमार की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के फ्लॉप होने की वजह से फिल्म का निर्माण करने वाली प्रोडक्शन कंपनी को अपना ऑफिस बेचना प?ा है। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान कोरियोग्राफर से डायरेक्टर बने अहमद खान ने बताया कि अक्षय कुमार अपनी असफलता से कैसे निपटते हैं। असफलता से कोई फर्क नहीं पड़ता है। वो अपनी असफलताओं के बारे में कभी नहीं बताते। उन्हें सिर्फ इस बात की परवाह होती है कि फिल्म में उन्होंने अपना 100 प्रतिशत दिया या नहीं। वो समय के बहुत पाबंद हैं। शूटिंग पर वो कभी भी देर से नहीं आते हैं। सुबह 7 बजे की शिफ्ट में मेरे पास 6.30 पर ही कॉल आता है कि अक्षय सर पहुंच गए हैं। उन्होंने कभी भी इंतजार नहीं करवाया। अगर कभी हम लोग लेट पहुंचते थे तो वो गुस्सा नहीं करते थे। यह भी कभी महसूस नहीं होने दिया कि हमने इंतजार करवाया। अक्षय कुमार एक साल में कई फिल्में करते हैं। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाई नहीं कर पा रही है। अहमद खान ने कहा- लोग समझते है कि अक्षय सर पैसों के लिए फिल्में करते हैं, जब कि ऐसा नहीं। उन्हें पैसे की क्या जरूरत है? काम करना उनका पैशन है। वो कहते हैं कि हर फिल्म को ऐसे करो जैसे करियर की आखिरी फिल्म हो। अक्षय कुमार की पिछली रिलीज फिल्मों पर नजर डाले तो उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही हैं। 350 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' भी बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। बताया जा रहा है कि इस फिल्म ने मुश्किल से 59.17 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म के प्रोड्यूसर वासु भगनानी ने फाइनेंसर्स को लगभग 250 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाने के लिए ऑफिस बेच दी है। बता दें कि अहमद खान फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार को डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, दिशा पटानी, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, आफताब शिवदासानी, परेश रावल जैसे सितारे प्रमुख भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

## सत्या के लिए मनोज ने खुद से ही खरीदे थे कॉस्ट्यूम्स



लोकल मार्केट से लिए कपड़े मनोज बाजपेयी ने अपनी बहुचर्चित फिल्म सत्या में भीखू म्हात्रे के रोल के लिए खुद से स्टाइलिंग की थी। उन्होंने कपड़े भी खुद से ही जाकर खरीदे थे। इसके लिए उन्हें प्रोडक्शन टीम से 25 हजार रुपए मिले थे। मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त छोटे एक्टर्स को खुद से ही अपनी स्टाइलिंग और कॉस्ट्यूम्स पर काम करना पड़ता था। उन्हें भी सत्या के लिए एक बजट अलॉट कर दिया गया था। मनोज ने कहा कि उन्होंने बांद्रा के हिल रोड मार्केट में जाकर सारे कपड़े खरीदे थे। बता दें, रामगोपाल वर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म सत्या 1998 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में मनोज ने गैंगस्टर भीखू म्हात्रे का रोल निभाया था। इस फिल्म ने ही मनोज को इंडस्ट्री में एक आला एक्टर के तौर पर स्थापित कर दिया। मनोज बाजपेयी ने गलाटा इंडिया से बात करते हुए कहा- मुझे भीखू म्हात्रे के कैरेक्टर के लिए ड्रेस खरीदने के लिए 25 हजार रुपए अलॉट किए गए थे। मैं उस कैरेक्टर के लिए बिल्कुल ऑथेंटिक ड्रेस खरीदना चाहता था। इसके लिए मैं बांद्रा के हिल रोल मार्केट गया। वहां से मैंने सारे कपड़े खरीदे। आपने फिल्म में भीखू म्हात्रे को जिन भी कपड़ों में देखा है, वो सारे हिल रोड से ही लिए गए थे। मनोज ने आगे कहा- उन दिनों छोटे स्टार्स को खुद से ही अपनी स्टाइलिंग और कॉस्ट्यूम्स पर काम करना पड़ता था।

## तनुश्री के सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोप पर नाना पाटेकर ने कहा, सारे इल्जाम झूठे हैं...



तनुश्री दत्ता ने नाना पाटेकर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि 2008 की फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के एक गाने की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। अब इस मुद्दे पर नाना पाटेकर ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि तनुश्री द्वारा लगाए गए सभी इल्जाम झूठे हैं। एक इंटरव्यू में नाना पाटेकर ने तनुश्री द्वारा लगाए इल्जाम के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने कभी इसलिए बात नहीं की क्योंकि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उनका कहना था- इन चीजों पर मुझे गुस्से इसलिए नहीं आया, क्योंकि ये सब झूठ है। नाना पाटेकर ने कहा कि यह सब पुरानी बात है और इस पर चर्चा करने के लिए कुछ नहीं है। उनके अनुसार हर कोई सच्चाई जानता है। उनके पास इन सब पर रिएक्शन देने के लिए कुछ नहीं है क्योंकि जो आरोप लगाए गए हैं, सब गलत हैं।

### मैंने गलत नहीं किया है, इसलिए सफाई नहीं दी



नाना पाटेकर ने आगे कहा- अचानक कोई कहता है कि आपने यह किया है, आपने वह किया है। मैं क्या इन सब बातों का जवाब दूंगा? क्या मुझे कहना चाहिए था कि मैंने ऐसा नहीं किया है? मुझे पता है कि मैंने ऐसा कुछ गलत नहीं किया है।

### एक्ट्रेस ने 2018 में किया था खुलासा

तनुश्री ने 2018 में नाना पाटेकर, डांस कोरियोग्राफर गणेश आचार्य और डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री पर मीटू मूवमेंट के तहत सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे। तनुश्री का कहना था कि वेटरन एक्टर नाना पाटेकर ने उन्हें सैक्सुअली हैरस करने की कोशिश की थी। तनुश्री का यह भी कहना था कि जब सिर्फ उनकी शूटिंग होती थी, तब भी नाना पाटेकर सेट पर मौजूद रहते थे। तनुश्री के इस आरोप के बाद नाना पाटेकर के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी।

## सुसाइड नोट में कुछ लोगों से परेशान होने की लिखी थी बात

# टेरेस पर फांसी लगाने वाले ऑफिस बॉय को प्रताड़ित करने वाले लोगों के होंगे बयान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर जोन वन में आशीर्वाद कांप्लेक्स के टॉप फ्लोर सोमवार सुबह पानी की टंकी के लिए बनाए गए टेरेस पर फांसी लगाने वाले ऑफिस ब्वाय से मिले सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। सुसाइड नोट को हेंड राइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराने पहुंचा दिया गया है। पुलिस का कहना है?कि सुसाइड नोट में मिले नामों के आधार पर पुलिस उन लोगों से पूछताछ करेगी।

उल्लेखनीय है कि चंदू उर्फ चंद्रकांत पिता युवराज (39) आस्था अस्पताल के पास जवाहर चौक पर रहता था। वह इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक में ऑफिस ब्वाय की नौकरी करता था। चंदू शुक्रवार को नौकरी पर आया था। शनिवार रविवार को बैंक की छुट्टी थी। परिजन ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर वह घर से निकला था। शाम तक वह परिजन से संपर्क में रहा इसके बाद वह कॉल रीसिव नहीं कर रहा था।

### सुबह लोगों ने फंदे पर लटकी देखी लाश

सोमवार सुबह आशीर्वाद कांप्लेक्स में ऑफिस के कुछ लोगों ने टॉप फ्लोर पर पानी की टंकी रखने के लिए बनाए गए टेरेस पर चंदू का शव केबल के सहारे एंगल पर फांसी पर लटके देखा था। कुछ लोगों ने उसकी पहचान कर इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी। बैंक प्रबंधन ने चंदू की पहचान करते हुए परिजन और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चंदू की लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को दे दी थी।



### मोबाइल का पैटर्न लॉक खुलवाएगी पुलिस

पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से पुलिस को एक मोबाइल भी मिला था। मोबाइल का पैटर्न लॉक है। पुलिस का कहना है कि परिजन शोकाकुल थे और उनसे पैटर्न लॉक के बारे में अभी पूछा नहीं गया है। पुलिस पैटर्न लॉक खुलवाएगी। पुलिस का अनुमान है कि मोबाइल से भी आत्महत्या के राज खुल सकते हैं।

## कट मारने वाले कबाड़ा व्यापारी की पुलिस कर रही तलाश

# मोटरसाइकिल का कट लगने से चलती बाइक से गिरा पीछे बैठा युवक, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित छावनी पठार में रविवार शाम बाइक चालक युवक ने साले जीजा की बाइक को कट मार दिया। कट लगते ही बाइक सवार साले ने बाइक के ब्रेक लगाए और पीछे बैठा जीजा चलती बाइक से गिर गया। इस हादसे में उसे अंदरुनी चोट थी। साला, जीजा को लेकर निजी अस्पताल पहुंचा, वहां से हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कट मारने वाले बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बहादुरपुर, अशोक नगर निवासी 40 साल के कन्हैयालाल अहिरवार मिस्त्री थे। वे ओमकारा सेवनिया, सूखीसेवनिया में रहते थे। उनके दो बच्चे हैं। बच्चों को स्कूल में दस्तावेजों की जरूरत थी। कन्हैयालाल दो दिन पहले अपने गांव दस्तावेज बनाने के लिए गए थे। उनका साला गोलू अहिरवार का ससुराल बहादुरपुर में है। गोलू के ससुराल में साली की शादी होने के कारण गोलू भी गांव गया था। वहां से उसने शादी के कार्ड लिए और जीजा कन्हैयालाल अहिरवार के साथ भोपाल लौट रहा था। रास्ते में जीजा-साले हरीपुरा पढरिया में एक रिश्तेदार के घर रुके और उन्हें शादी का न्यौता दिया। इसके बाद रिश्तेदार के घर खाना खाने के बाद दोनों बाइक से निकल गए। बाइक गोलू चला रहा था, जबकि पीछे कन्हैयालाल बैठे हुए थे।

### छावनी पठार में कबाड़ा लेकर आ रहे बाइक सवार ने मारा कट

गोलू ने बताया वह जीजा के साथ छावनी पठार तक पहुंचा था, तभी एक बाइक पर कबाड़ा बांधकर आ रहे युवक ने उनकी बाइक को कट मार दिया। कट मारने के बाद गोलू ने बाइक के ब्रेक लगाए तो पीछे बैठे कन्हैयालाल बाइक से नीचे गिर गए। उन्हें सिर में चोट थी, लेकिन खून नहीं निकला। कुछ ही देर बाद उन्हें घबराहट होने लगी। गोलू उन्हें प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कन्हैयालाल बेसुध हो गए। डॉक्टर ने चेक करने के बाद हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। हमीदिया पहुंचने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है।




## ऑटो पलटने से 60 साल के बुजुर्ग चालक की मौत

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर के पास सोमवार दोपहर एक आटो पलट गया। आटो पलटने पर उसमें कोई सवार नहीं थी। केवल ड्राइवर ही था। कुछ लोगों ने आटो सीधा किया और चालक को निकलकर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस को कि आटो कम रफ्तार में आराम से पलटा था। पुलिस के अनुसार कमल किशोर साहू (60) सांईबाबा मंदिर-मजार के पास अस्सी फीट रोड शिव नगर हिनौतिया, थाना अशोका गार्डन क्षेत्र में रहते थे। वे आटो चालक थे और आटो लेकर घर से निकले थे। दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास उनका आटो पलट गया। आटो पलटने से उन्हें चोट नहीं आई थी, लेकिन राहगीरों ने देखा तो वह आटो फंसे हुए थे। उन्हें आटो सीधाकर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का अनुमान है कि कमल किशोर को चलते आटो में अटेक आया होगा। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

## मॉर्निंग वॉक पर निकली बुजुर्ग महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत



कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा कांप्लेक्स के पास मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। घटना सोमवार सुबह करीब छह बजे के आसपास की है। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए एंबुलेंस जेपी अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार फूलवती देवी पति मांगीलाल (77) ए वन-19, सामूदायिक भवन के पास नया बसेरा कोटरा सुल्तानाबाद में में रहती थी। वह प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग वॉक पर घर से निकलती थी और आठ बजे तक घर लौट आती थी। सोमवार सुबह भी फूलवती बाई मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, लेकिन घर नहीं पहुंची। पुलिस को सूचना मिली कि सुबह सूचना मिली कि अन्नपूर्णा कांप्लेक्स के पास से किसी महिला को एंबुलेंस जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंची है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो फूलवती के शरीर पर चोट के निशान मिले। पुलिस को अनुमान है कि उसे किसी वाहन ने टक्कर मारी है।

**बेटे ने की शिनाख्त:** फूलवती के बेटे ने पुलिस को बताया कि वह प्रतिदिन सुबह निकलती थी और आठ बजे तक घर लौट आती थी, लेकिन सोमवार सुबह दस बजे तक वह घर नहीं पहुंची तो बेटा पुलिस थाने पहुंचा था। पुलिस ने बेटे को महिला की फोटो दिखाई तो उसने मृतिका की पहचान अपनी मां के रूप में कर ली। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है।

## एसयूवी की टक्कर से पलटी जीप, घायल युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट रोड पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एसयूवी की टक्कर लगने से पलटी जीप में सवार घायल किराना व्यापारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे के आसपास एसयूवी ने मनुआभान टेकरी के सामने जीप को टक्कर मार दी। साइड से टक्कर लगने के कारण जीप पलट गई थी। इस हादसे में इमामी गेट निवासी 35 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन अशफाक मुस्तफा की मौत हो गई थी। इस हादसे में कुल पांच लोग घायल हुए थे। घायलों में मंगलवारा छावनी निवासी 52 वर्षीय मोहम्मद जहूर की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। जहूर किराना व्यापारी थे। उनके दो बेटे, दो बेटियां हैं। अभी चार घायलों का इलाज चल रहा है

## महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित इंद्रा सहायता नगर में करीबी महिला की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को गौतम नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने रविवार रात करोंद इलाके से दबोचा। वह शहर से भागने की फिराक में था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला उससे खर्च के लिए दबाव बनाती थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया था। नशे की हालत में उसने उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार टीला जमालपुरा निवासी 35 वर्षीय आशा यादव पति राजेश यादव मेहनत-मजदूरी करती थी। काम के दौरान उसके पति राजेश यादव के जरिए उसकी पहचान इंद्रा सहायत नगर निवासी राजेश विश्वकर्मा से हुई थी। राजेश विश्वकर्मा से आशाउसके करीबी दोस्ती हो गई। दोनों एक दूसरे से मिलने जुलने लगे। 15 जून की रात आशा राजेश विश्वकर्मा के इंद्रा सहायता नगर स्थित झुग्गी पर पहुंची। वह उससे कहने के लिए लगी कि तुम मुझे घर का खर्च चलाने के लिए इंतजाम करो। इस पर शराब के नशे में आशा यादव और राजेश विश्वकर्मा का विवाद हो गया। विवाद बढ़े पर आरोपी ने उससे मारपीट कर दी। उसका गला दबा दिया। बेसुध हालत में आशा को वह गैस राहत अस्पताल परिसर में छोडकर घर चला गया। तब तक आशा की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने महिला की पहचान कर उसका पीएम कराया। जांच में सामने आया आशा की गला दबाकर हत्या की है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित शिव अपार्टमेंट ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआई नर्मदा पटेल ने बताया कि कोमल कुशवाह पति जीवन कुशवाह (35) जी, 3/405, शिव अपार्टमेंट ग्राउंड फ्लोर शाहपुरा में रहती थी और गृहणी थी, जबकि पति जीवन कुशवाह प्राइवेट गाड़ी चलाता है। सोमवार रात कोमल ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खोला तो परिजन ने उसे आवाज दी थी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। करीब 11 बजे रात में किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला गया तो पता चला कि कोमल ने फांसी लगा ली है। कोमल के भांजे श्रीधर कुशवाह ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पति पत्नी के बीच अनबन की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि मृतिका के मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जाएगे। बयान होने के बाद ही आत्महत्या की सही वजह सामने आ सकेगी।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**भोपाल.** इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। आरोपी घुमाने के बहाने युवती को होटल ले जाता था और दुष्कर्म करता था। पुलिस ने बताया कि 21 वर्षीय युवती ब्यूटी पार्लर में काम करती है। दो साल पहले उसकी इंस्टाग्राम पर तैयब कुरैशी से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच ऑनलाइन बातचीत बढ़ी और कुछ समय बाद ही उनके बीच प्रेम संबंध बन गए।

## फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट बनाकर विदेशी करेंसी में इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर की धोखाधड़ी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




हनुमानगंज पुलिस ने 14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। वह घटना के बाद से फरार था। पुलिस ने बैंक खातों से करीब एक करोड़ की राशि फ्रीज कराई है। 9 अप्रेल को जयनारायण चौकसे ने मोहमद सरवर खान 41 साल इतवारा रोड आजाद मार्केट के खिलाफ श्यामला हिल्स पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामले की जांच हनुमानगंज पुलिस को सौंपी गई। हनुमानगंज पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबरों की काल डिटेल खंगालना शुरू किया तो उसकी लोकेशन मुंबई में मिली। मुखबिर से पता चला कि आरोपी विदेश भागने की फिराक में है। सूचना पर हनुमानगंज पुलिस मुंबई पहुंचकर आरोपी मोहमद सरवर को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से गिरतार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस आरोपी को गिरतार कर भोपाल कोर्ट में पेश किया। आरोपी के बैंक खातों की जानकारी लेने पर खाते में एक करोड़ रुपए होने का पता चला। इस पर पुलिस ने आरोपी के खाते को शीज करा दिया है। टीम ने फर्जी वेबसाइट के कर्ताधर्ता के साथ बैंक खाते और मोबाइल नंबर के आधार पर गिरोह के अन्य आरोपियों आयुष ठाकुर 19 वर्ष जावर सीहोर/ इंदौर, नितिन ठाकुर 21 साल ग्राम जालोरिया देवास/ इंदौर और पृथ्वीराज सिंह सेंधव 24 साल देवास/ इंदौर को इंदौर से गिरतार किया है। क्राइम ब्रांच ने आरोपियों से 2 लैपटॉप, 2 आईफोन मोबाइल, 3 एंड्रॉयड फोन, 7 कीपेड मोबाइल जब्त कर अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## मनोज कुमार पटवा होंगे, टीटी नगर थाना प्रभारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के आधा दर्जन थाना प्रभारियों के थानों का प्रभार बदला गया है। उक्त आदेश पुलिस मुख्यालय से सोमवार को जारी हुए। आदेश के तहत मनोज कुमार पटवा को टीटी नगर थाने की कमान सौंपी गई है। अभी वह रातीबड़ थाने की कमान संभाल रहे थे। इसी तरह सरिता बर्मन को हबीबगंज थाने से थाना टीला जमालपुरा थाने का प्रभारी बनाया गया है। उनकी जगह मंगलवारा थाना प्रभारी अजय कुमार सोनी को हबीबगंज थाने की कमान सौंपी गई है। इसी तहर गांधी नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार को अपराध शाखा में भेजा गया है। टीटी नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार गौतम मंगलवारा थाना प्रभारी होंगे। कार्यवाहक निरीक्षक कृष्णदेव सिंह को अपराध शाखा से रक्षित केंद्र भेजा गया है। कार्यवाहक निरीक्षक अफताब खान उपायुक्त जोन थ्री थे अब वह अपराध शाखा जाएंगे। इसी प्रकार कार्यवाहक निरीक्षक सरस्वती तिवारी को अपराध शाखा भेजा गया है। कटारा हिल्स थाना प्रभारी शैलेष कुमार मिश्रा को भी अपराध शाखा भेजा गया है।

